# प्रश्न बैंक

सत्र - 2021-22

## विषय—हिंदी

## कक्षा — चौथी



राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्
छत्तीसगढ़

## प्रकाशन वर्ष 2021

**संरक्षक**

डी. राहुल वेकंट 'IAS'

संचालक, SCERT

**मार्गदर्शक**

डॉ.योगेश शिवहरे

अतिरिक्त संचालक, SCERT

**संयोजक**

श्रीमती कौशिल्या खुटे

**विशेष सहयोग**

डॉ.विद्यावती चन्द्राकर

**विषय विशेषज्ञ**

डॉ.जयभारती चन्द्राकर

**लेखन**

खोजन दास डिंडोरे, लक्ष्मी सोनी, अंकिता तिवारी

**टंकण**

लीना साहू

**आवरण**

सुधीर कुमार वैष्णव

---

**प्रकाशक**

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् छत्तीसगढ़

शंकर नगर, रायपुर

# आमुख

कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए पूरे देश में सभी शैक्षणिक संस्थाएँ शिक्षा सत्र 2020–21 में बंद थी। विषम परिस्थिति को देखते हुए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 'पढ़ई तुँहर दुआर', 'मोहल्ला कक्षा', लाउडस्पीकर, बुल्टू के बोल, जैसे अनेक नवाचारी कार्यक्रम प्रारंभ किए गए थे। जिसके तहत हमारे शिक्षक ज्यादा से ज्यादा बच्चों को सीखने का अवसर प्रदान करते रहे। 2021–22 में भी स्कूल खुलने में अनिश्चितता की स्थिति है और इस स्थिति को देखते हुए आयुक्त लोक शिक्षण छत्तीसगढ़ द्वारा पुनः ऑनलाइन कक्षा, मोहल्ला कक्षा/पारा कक्षा के संचालन के लिए आदेश जारी कर दिया गया है, जिसमें बच्चों की नियमित उपस्थिति ली जायेगी तथा पढ़ाए गए विषयों पर प्रतिमाह आकलन किए जाएँगे।

इस तरह से सत्र 2021 में भी विभिन्न नवाचारी माध्यमों का आधार लिया जाकर बच्चों की पढ़ाई (सम्पूर्ण पाठ्यक्रम) पूर्ण किया जाना है। 'पढ़ई तुँहर दुआर' के अंतर्गत परिषद् द्वारा ऑनलाइन क्लासेस, आडियो, विडियो, मेनुअल वर्कशीट का निर्माण किया गया । इसी निरन्तरता के अनुक्रम में विषयानुसार सभी कक्षाओं के लिए (1–10) **प्रश्न बैंक** का निर्माण किया गया है। निर्मित **'प्रश्न बैंक'** में कक्षा के अधिगम स्तर का ध्यान रखा गया है तथा सम्पूर्ण पाठ से प्रश्न निकाले गए हैं।

शिक्षक या शिक्षा सारथी जब मोहल्ला अथवा पारा कक्षा में बच्चों से जुड़ेंगे तो यह **'प्रश्न बैंक'** पाठ को आगे बढ़ाने में उनकी मदद करेगा।

सृजित **'प्रश्न बैंक'** में समाहित प्रश्न अनुप्रयोग, कौशल एवं समझ आधारित है। प्रश्न और उत्तर की भाषा स्तरानुकूल है। **'प्रश्न बैंक'** के प्रश्नों का उपयोग वर्तमान में 'पढ़ई तुँहर दुआर' के अंतर्गत ऑनलाइन/ऑफलाइन अध्ययन–अध्यापन के दौरान बच्चों में अपेक्षित कौशलों के विकास को जाँचने के लिए किया जा सकेगा। इन प्रश्नों से पाठ्यपुस्तक में वर्णित अवधारणाओं को और अधिक पुष्ट करने में मदद मिलेगी। इन प्रश्नों के माध्यम से बच्चे स्वयं को सक्रिय रख पाएँगे तथा बच्चों में स्वयं करके सीखने, अपने परिवेश को समझने, तर्क करने, चिंतन करने, अपने अनुभवों की अभिव्यक्ति आदि गुणों का विकास हो सकेगा। इस **'प्रश्न बैंक'** के माध्यम से बच्चों में भाषायी कौशलों के विकास के साथ विषय–वस्तु की समझ विकसित होगी। छात्र पाठ पढ़कर स्वतः प्रश्न निर्माण कर पाएँगे।

यह **'प्रश्न बैंक'** शिक्षक, पालक एवं छात्रों के लिए उपयोगी है इतना ही नहीं विद्यार्थी अपने विचार, समझ और अपनी प्रगति के बारे में स्वयं आकलन कर सकेंगे।

**संचालक**
एस.सी.ई.आर.टी.,छ.ग.,रायपुर

## अनुक्रमणिका


| पाठ | पाठ का नाम | पृष्ठ क्रमांक |
|---|---|---|
| 1 | मेरी अभिलाषा | 1-3 |
| 2 | मैनपाट की सैर | 4-6 |
| 3 | सावन आगे (छत्तीसगढ़ी) | 7-8 |
| 4 | साहसी रूपा | 9-10 |
| 5 | मेरा एक सवाल | 11-13 |
| 6 | औद्योगिक तीर्थ - कोरबा | 14-16 |
| 7 | घरौंदा | 17-18 |
| 8 | कोलिहा खोलिस चश्मा दुकान(छत्तीसगढ़ी) | 19-21 |
| 9 | दीप जले | 22-23 |
| 10 | संत रविदास | 24-26 |
| 11 | जीत खेल भावना की | 27-29 |
| 12 | कूकू और भूरी | 30-34 |
| 13 | अनदान के परब-छेरछेरा(छत्तीसगढ़ी) | 35-38 |
| 14 | ऊर्जा की बचत | 39-43 |
| 15 | चूड़ीवाला | 44-48 |
| 16 | राजिम मेला (सहेली को पत्र) | 49-55 |
| 17 | चल रे तुमा बाटे-बाट(छत्तीसगढ़ी) | 56-60 |
| 18 | पिंजरे का जीवन | 61-64 |
| 19 | हाय मेरी चारपाई | 65-72 |
| 20 | अमीर खुसरो की पहेलियाँ | 73-76 |
| 21 | बगरे हे चंदा अँजोर(छत्तीसगढ़ी) | 77-80 |
| 22 | किताबें | 81-85 |
| 23 | डॉ.जगदीश चन्द्र बोस | 86-91 |
| 24 | इंसाफ | 92-97 |

## पाठ - 1

## मेरी अभिलाषा

सही विकल्प चुनकर लिखिए -

प्रश्न 1 - बच्चा किसकी तरह दमकता है?

(अ) सूरज (ब) चंदा (स) तारा (द) नभ

उत्तर - (स) तारा

प्रश्न 2 - बच्चा किससे निर्मलता लेना चाहता है?

(अ) चंदा (ब) फूल (स) तारा (द) नभ

उत्तर - (द) नभ

प्रश्न 3 - बच्चे को पर्वत से क्या अभिलाषा है?

(अ) निर्मलता (ब) दृढ़ता (स) शीतलता (द) सहनशीलता

उत्तर - (ब) दृढ़ता

प्रश्न 4 - 'विहग' का अर्थ है -

(अ) वृक्ष (ब) फूल (स) नभ (द) पक्षी

उत्तर - (द) पक्षी

प्रश्न 5 - 'धरती' का विलोम शब्द है -

(अ) आकाश (ब) पृथ्वी (स) जमीन (द) बादल

उत्तर - (अ) आकाश

प्रश्न 6 - बच्चा कोयल का कौन-सा गुण अपनाना चाहता है?

उत्तर - बच्चा कोयल का कूँहकने का गुण अपनाना चाहता है।

प्रश्न 7 - महकने के अलावा फूलों में और कौन-सा गुण होता है?

उत्तर - महकने के अलावा फूलों में कोमलता, सुंदरता, मोहकता आदि का गुण होता है।

प्रश्न 8 - सूरज और चंदा के गुणों में क्या अंतर है?

उत्तर - सूरज और चाँद दोनों ही चमकते हैं लेकिन सूरज की रोशनी तेज होती है और इसमें गर्मी का अनुभव होता है। चाँद की रोशनी कम होती है और इसमें शीतलता का अनुभव होता है । सूरज दिन में चमकता है । चाँद रात में चमकता है ।

प्रश्न 9 - समुद्र में कौन-कौन से जीव पाए जाते हैं?

उत्तर - समुद्र में बहुत सारी छोटी-बड़ी मछलियाँ, शार्क, व्हेल, कछुआ, साँप, केकड़ा और दरियायी घोड़ा पाए जाते हैं ।

प्रश्न 10 - बच्चा देश के सैनिकों से क्या सीख सकता है?

उत्तर - बच्चा देश के सैनिकों से देश की रक्षा करना, देशभक्ति, निडरता, आत्मरक्षा, दूसरों की मदद करना, मुसीबत के समय अडिग रहना इत्यादि गुण सीख सकता है ।

प्रश्न 11 - नीचे लिखे पंक्तियों का अर्थ लिखिए ।

मेघों सा मिट जाऊँ, सागर-सा लहराऊँ,
सेवा के पथ पर मैं, सुमनों-सा बिछ जाऊँ । मेरी अभिलाषा है ।

उत्तर - मैं बादलों सा मिट जाना चाहता हूँ । समुद्र में उठ रही लहरों की तरह लहराना चाहता हूँ । देश सेवा के मार्ग में मैं फूलों की तरह बिछ जाना चाहता हूँ । यही मेरी अभिलाषा है ।

प्रश्न 12 - सही जोड़ी बनाओ ।

नभ - ठण्डा
मेघ - मार्ग
पथ - पक्षी
विहग - बादल
शीतल - आकाश

उत्तर -
नभ - आकाश
मेघ - बादल

| | | |
|---|---|---|
| पथ | - | मार्ग |
| विहग | - | पक्षी |
| शीतल | - | ठण्डा |

प्रश्न 13 - तुम्हें इस कविता की कौन-सी पंक्तियाँ अच्छी लगी और क्यों ?

उत्तर - बच्चे इसका उत्तर स्वयं लिखेंगे ।

प्रश्न 14 - समुद्र के बारे में पाँच वाक्य लिखिए ।

उत्तर -

1. समुद्र में बहुत पानी होता है ।
2. समुद्र का पानी खारा होता है ।
3. समुद्र में कई प्रजातियों के जलीय जीव रहते हैं ।
4. समुद्र में बड़ी-बड़ी नावों और जहाजों के द्वारा परिवहन किया जाता है।
5. समुद्र में सबसे बड़ी व्हेल मछली पाई जाती है ।

प्रश्न 15 - इस कविता में बच्चा क्या चाहता है ? उसे संक्षेप में लिखो ।

उत्तर - इस कविता में बालक चाहता है कि वह आकाश की तरह स्वच्छ, चन्द्रमा की तरह ठंडक देने वाला धरती के समान सहनशील, पर्वत के जैसे दृढ़ तथा फूलों के जैसे मार्ग में बिछकर संसार की सेवा करना चाहता है।

## पाठ - 2

## मैनपाट की सैर

सही विकल्प चुनकर लिखिए -

प्रश्न 1 - पहाड़ पर स्थित मनोरम पर्यटन स्थल को कहते हैं -

(अ) पर्वत (ब) पहाड़ (स) हिल स्टेशन (द)रेलवे स्टेशन

उत्तर -(स) हिल स्टेशन

प्रश्न 2 - 'दुसह' शब्द का पर्यायवाची है -

(अ) कठिन (ब) सरल (स) आसान (द) पुष्प

उत्तर -(अ) कठिन

प्रश्न 3 - मैनपाट कहाँ बसा है?

(अ) अंबिकापुर (ब) बिलासपुर (स) रायपुर (द) दुर्ग

उत्तर -(अ) अंबिकापुर

प्रश्न 4 - छत्तीसगढ़ में स्थित हिल स्टेशन का नाम क्या है?

(अ) अंबिकापुर (ब) मैनपाट (स) अचानकमार (द) कानन पेण्डारी

उत्तर -(ब) मैनपाट

प्रश्न 5 - 'प्रसिद्ध' का विलोम शब्द है -

(अ) ख्याति (ब) अप्रसिद्ध (स) प्रख्यात (द) प्रसिद्ध

उत्तर -(द) अप्रसिद्ध

प्रश्न 6 - मैनपाट किन दो संस्कृतियों का संगम है?

उत्तर -मैनपाट भारतीय और तिब्बती दो संस्कृतियों का संगम है।

प्रश्न 7 - मैनपाट में कौन-कौन से दर्शनीय स्थल है?

उत्तर -1. मेहता प्वाइंट 2. टाइगर प्वाइंट 3. महादेवमुड़ा नदी

प्रश्न 8 - इन शब्दों को वर्णमाला क्रम में जमाने पर पहले कौन-सा शब्द आएगा?

मीत, मुरली, मदन, माला

उत्तर -मदन

प्रश्न 9 - 'पहुँच जाना' एक संयुक्त शब्द है । इसका वाक्य में प्रयोग करो।

उत्तर -हमें शाम होने से पहले मैनपाट पहुँच जाना होगा।

प्रश्न 10 - किस युद्ध के बाद तिब्बती शरणार्थी भारत आए?

उत्तर -सन् 1962-63 के चीन युद्ध के बाद तिब्बती शरणार्थी भारत आए।

प्रश्न 11 - तुम अपने आस-पास किस जगह घूमने गए हो? उसके बारे में लिखो।

उत्तर -बच्चे स्वयं करें।

प्रश्न 12 - यदि तुम्हें मैनपाट घूमने का अवसर मिले तो तुम पहले कहाँ जाना चाहोगे?

उत्तर - बच्चे स्वयं उत्तर लिखेंगे।

प्रश्न 13 - टाइगर प्वाइंट के बारे में तुम क्या जानते हो?

उत्तर - मैनपाट के उत्तरी भाग में महादेवमुड़ा नदी बहती है। यह नदी 60 मीटर बड़ी चौड़ाई से गिरते हुए एक मनोरम जलप्रपात बनाती है। इस जलप्रपात को टाइगर प्वाइंट कहते हैं। इसके आस-पास वनराज अर्थात् टाइगर विचरण करते हैं।

प्रश्न 14 - मैनपाट में बसे तिब्बती शरणार्थियों के बारे में बताओ?

उत्तर - तिब्बती शरणार्थी सन् 1962-63 के चीन युद्ध के बाद भारत आए थे। ये बौद्ध धर्म के अनुयायी हैं। इन्हें मैनपाट में बसाया गया। इन्होंने यहाँ 'भव्य बौद्ध मंदिर' का निर्माण किया। ये लोग यहाँ कृषि, पशुपालन, वस्त्र निर्माण इत्यादि का कार्य करते हैं।

प्रश्न 15 - ''मैनपाट का कोना-कोना दर्शनीय है'' इस कथन का क्या आशय है?

उत्तर - मैनपाट अनेक बड़ी नदियों से घिरा हुआ है। ये नदियाँ अनेक स्थानों पर जलप्रपात बनाकर अदभुत दृश्य उपस्थित कर देती है। यहाँ अनेक दर्शनीय स्थल है इसलिए कहा गया है कि यहाँ का कोना-कोना देखने योग्य है।

प्रश्न 16 - निम्नलिखित मुहावरों का वाक्य में प्रयोग करो।

1. गले पड़ना 2. आँख दिखाना

उत्तर -1. गले पड़ना - वह जबरदस्ती मेरे गले पड़ रहा है।

2. आँख दिखाना - गलती करने पर माँ मुझे आँख दिखाती है।

प्रश्न 17 - तुम्हारे द्वारा की गई किसी दर्शनीय स्थल की यात्रा के बारे में बताते हुए अपने दोस्त को पत्र लिखो।

उत्तर -बच्चे इसका उत्तर अपने अनुभव के आधार पर लिखेंगे।

## पाठ - 3

## सावन आगे (छत्तीसगढ़ी)

सही विकल्प चुनव -

प्रश्न 1 - 'बादर' सबद के हिंदी अरथ हवय -

(अ) बादल (ब) बरी (स) बादरी (द) बराबरी

उत्तर -(अ) बादल

प्रश्न 2 - अइसे लगथे अब किसान ला ...............

पंक्तियों को पूरा करो।

उत्तर -जइसे दाई थाली परसे।

प्रश्न 3 - 'खंचवा' सबद के हिंदी अरथ हवय -

उत्तर - छोटा गड्ढा।

प्रश्न 4 - कविता म कोन महिना म पानी गिरथे?

(अ) असाढ़ (ब) सावन (स) कार्तिक (द) माघ

उत्तर - (ब) सावन

प्रश्न 5 - तीन वर्ण के सबद हवय -

(अ) करवट (ब) बादर (स) चमकना (द) अलकरहा

उत्तर -(ब) बादर

प्रश्न 6 - बछरू ह मनखे ऊपर काबर अभरथे?

उत्तर - बछरू ह बादर के गड़गड़ाय अउ बिजली के अलकरहा चमके ल सुन के तमक के दौड़थे अउ मनखे ऊपर अभरथे।

प्रश्न 7 - बादर म बिजली कइसे चमकथे?

उत्तर - बादर म बिजली अलकरहा चमकथे।

प्रश्न 8 - बादर के गरजना ह कइसे लगथे?

उत्तर -बादर के गरजना ह इंद्र देवता ह बंदूक ले गोली मारथे जइसे लगथे।

प्रश्न 9 - बरसत पानी ल देख के किसान ल कइसे लगथे?

उत्तर -बरसत पानी ल देख के किसान के खुसी भुता जथे।

प्रश्न 10 - अब तरसे मन ह काबर नइ तरसे?

उत्तर -सावन आय ले बादर छा गे। अब तरसे मन ह नइ तरसे।

प्रश्न 11 - "आँसो बादर नई हे लबरा" काबर कहे गईस?

उत्तर - "आँसो बादर नई हे लबरा" माने ऐ साल पानी बने गिरे हे। काबर की खोंचका, डबरा, डोली मन लबालब भर गे हे।

प्रश्न 12 - खालहे लिखाय कविता के हिंदी म अरथ लिखव -

अलकरहा बिजली जब बरथे
धुड़ुर-धुड़ुर तब बादर करथे
बछरू दौड़े पुछी टाँगके,
मनखे ऊपर ठाड़ अभरथे
इंदर ह जस गोली दागे ।

उत्तर - सावन में बादलों की गड़गड़ाहट व बिजली के चमकने से गाय का बछड़ा अपनी पूँछ को ऊपर उठाकर इस प्रकार भागता है कि वह सामने से आने-जाने वाले आदमी के ऊपर भिड़ जाता है। बादलों की गर्जना ऐसी लगती है जैसे इंद्रदेव ने बंदूक से गोली छोड़ी हो।

प्रश्न 13 - खालहे लिखाय सबद मन के हिंदी म अरथ लिखव ?

1. लबरा 2. एक सरूवा 3. अलकरहा

उत्तर -1. झूठा 2. एक अकेला 3. अजीब

प्रश्न 14 - खालहे लिखाय सबद के उल्टा अरथ वाले छत्तीसगढ़ी सबद लिखव ।

1. नवा 2. लबरा 3. भुतागे

उत्तर -1. जुन्ना 2. सच्चा 3. बरगे

प्रश्न 15 - कोनो लोकगीत के चार लाइन लिखव ।

उत्तर - लइका मन स्वयं ले लिखही ।

## पाठ - 4

## साहसी रूपा

सही विकल्प चुनकर लिखिए -

प्रश्न 1 - कक्षा में प्रवेश लेने वाली नई लड़की का नाम क्या था?

(अ) शीला (ब) सीमा (स) रूपा (द) रानी

उत्तर -(स) रूपा

प्रश्न 2 - पाठशाला में किसका कार्यक्रम बना?

(अ) नृत्य (ब) गायन (स) खेल (द) पिकनिक

उत्तर -(द) पिकनिक

प्रश्न 3 - कक्षा की लड़कियाँ रूपा को किस स्वभाव का समझती है?

(अ) शर्मीली (ब) अभिमानी (स) चतुर (द) बातूनी

उत्तर -(ब) अभिमानी

प्रश्न 4 - साथ पढ़ने वाली लड़कियों को क्या कहते हैं?

(अ) सहेली (ब) साथी (स) सहकर्मी (द) सहपाठिन

उत्तर -(द) सहपाठिन

प्रश्न 5 - 'प्रशंसा' शब्द का पर्यायवाची है -

(अ) तारीफ (ब) बुराई (स) चाटुकारिता (द) व्यंग्य

उत्तर - (अ) तारीफ

प्रश्न 6 - रूपा की सहपाठिनें उसे पहले कैसे समझती थी?

उत्तर -रूपा की सहपाठिनें उसे पहले अभिमानी समझती थीं।

प्रश्न 7 - रूपा को साहसी क्यों कहा गया?

उत्तर- रूपा ने अपनी जान की परवाह किए बिना शांति की जान बचाई थी इसलिए रूपा को साहसी कहा गया।

प्रश्न 8 - निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखो।

1. जिसे बहुत अभिमान हो।

2. जिसे होश न हो।

उत्तर -1. अभिमानी 2. बेहोश

प्रश्न 9 - निम्नलिखित का विलोम शब्द लिखो।

1. शांति 2. साहस

उत्तर -1. अशांति 2. डर

प्रश्न 10 - 'दल-दल' शब्द जिसमें दो वर्णों का दो बार प्रयोग किया गया है। ऐसे दो और शब्द बनाओ।

उत्तर -1. पल-पल 2. खट-खट

प्रश्न 11 - रूपा की जगह अगर तुम होते तो अपनी सहेली की मदद कैसे करते?

उत्तर -बच्चे स्वयं उत्तर लिखेंगे।

प्रश्न 12 - रूपा ने अपनी सहपाठी की मदद क्यों की?

उत्तर -बच्चे स्वयं उत्तर लिखेंगे।

प्रश्न 13 - पिकनिक जाते समय तुम्हें किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

उत्तर - पिकनिक जाते समय हमें निम्लिखित बातों को ध्यान रखना चाहिए -

1. कहीं भी अकेले नहीं जाना चाहिए।
2. गहरे पानी या कीचड़ वाली जगह से दूर रहना चाहिए।
3. अनावश्यक गंदगी नहीं फैलाना चाहिए।
4. शिक्षक या माता-पिता की निगरानी में रहना चाहिए।

प्रश्न 14 - तुमने भी कभी किसी की मदद की होगी। इस बारे में बताओ।

उत्तर- बच्चे स्वयं बताएँगे।

प्रश्न 15 - रूपा की सहपाठी उसे अब अभिमानी नहीं बल्कि शर्मीली कहने की बात कहती है। ऐसा क्यों?

उत्तर - रूपा की सहपाठी उसे पहले अभिमानी समझती थीं लेकिन पिकनिक में हुई घटना के बाद उन्हें पता चला कि रूपा शर्मीली प्रवृत्ति की है इसलिए वे अब इसे शर्मीली कहने की बात कहती है।

## पाठ - 5

## मेरा एक सवाल

सही विकल्प चुनकर लिखिए -

प्रश्न 1 - मेरा एक सवाल पाठ में कितने पात्र थे?

(अ) एक पात्र (ब) चार पात्र (स) छः पात्र (द)आठ पात्र

उत्तर- (स) छः पात्र

प्रश्न 2 - उत्पादन का अर्थ है -

(अ) पैदावार (ब) फसल (स) खुशहाल (द) व्यवहार

उत्तर -(अ) पैदावार

प्रश्न 3 - 'विज्ञान' में उपसर्ग है -

(अ) वि (ब) विज्ञा (स) ज्ञान (द) विग्य

उत्तर -(अ) वि

प्रश्न 4 - 'कलिका' का समानोच्चारित शब्द है -

(अ) काला (ब) कच्चा (स) नलिका (द) अनिका

उत्तर -(स) नलिका

प्रश्न 5 - 'सम्मान' का विलोम है -

(अ) अपमान (ब) आदर (स) मान (द) विमान

उत्तर -(अ) अपमान

प्रश्न 6 - भारत माता ने किनसे सवाल पूछा?

उत्तर- भारत माता ने किसान, सैनिक, मजदूर, विद्यार्थी और शिक्षक से सवाल पूछा।

प्रश्न 7 - पाठ में आए किसी मुहावरे का अर्थ लिखकर उसका वाक्य में प्रयोग कीजिए।

उत्तर - पसीना बहाना = खूब मेहनत करना।

वाक्य प्रयोग - रामदास ने पसीना बहाकर बंजर जमीन को उपजाऊ बना दिया।

प्रश्न 8 - "डटा रहूँगा मैं सीमा पर तेरा हूँ मैं लाल" यह पंक्तियाँ भारत माता से किसने कही?

उत्तर -यह पंक्तियाँ भारत माता से सैनिक ने कही।

प्रश्न 9 - किसान ने भारत माता के सवाल का क्या जवाब दिया?

उत्तर- किसान ने भारत माता से कहा कि वह खेतों में मेहनत करके अन्न उगाएगा और भारत माता को खुशहाल कर देगा।

प्रश्न 10 - भारत माता ने शिक्षक से क्या सवाल पूछा?

उत्तर - भारत माता ने शिक्षक से पूछा कि पढ़ा लिखाकर ज्ञान-विज्ञान सिखाकर देश को निहाल कौन करेगा।

प्रश्न 11 - नीचे लिखे उदाहरण की तरह दिए गए शब्दों का तीन-तीन समानोच्चारित शब्द बनाइए।

उदाहरण - डटा - सटा, छटा, घटा

उत्तर -गाता - जाता, खाता, छाता

होली - टोली, खोली, बोली

प्रश्न 12 - यदि किसान, मजदूर, शिक्षक व विद्यार्थी सभी मन लगाकर काम करें तो भारत माता का रूप कैसा होगा?

उत्तर - यदि किसान, मजदूर, शिक्षक व विद्यार्थी सभी मन लगाकर काम करें तो भारत माता खुशहाल हो जाएँगी। भारत माता का नाम पूरे विश्व में रौशन हो जाएगा। भारतवासियों का सिर गर्व से उठ जाएगा।

प्रश्न 13 - भारत माता की मदद विद्यार्थी कैसे कर सकते हैं?

उत्तर - विद्यार्थी खूब मन लगाकर पढ़ाई करेंगे। वह अपना कर्त्तव्य पूरा करेंगे। विज्ञान के क्षेत्र में कार्य करके देश का नाम रौशन करेंगे । सर्वत्र ज्ञान

का दीपक जलाकर ज्ञान का प्रकाश फैलाएँगे । इस तरह भारत माता की मदद विद्यार्थी कर सकता है।

प्रश्न 14 - भारत माता की मदद तुम कैसे कर सकते हो?

उत्तर - मैं भारत माता की मदद अपने विद्यार्थी जीवनकाल में अच्छे से पढ़ाई करके एवं उसके बाद इस शिक्षा का समाज में अच्छे कार्य में उपयोग करके भारत माता की मदद कर सकता हूँ ।

प्रश्न 15 - क्या डॉक्टर भी भारत माता की मदद कर सकते हैं? कैसे?

उत्तर - हाँ, डॉक्टर भी भारत माता की मदद कर सकते हैं। डॉक्टर बीमार लोगों की इलाज करके उन्हें ठीक करते हैं। बीमार होने पर मजदूर, किसान, विद्यार्थी इत्यादि काम करने योग्य नहीं होते। डॉक्टर के इलाज से ठीक होने के बाद वे दोबारा अपना काम शुरू करते हैं साथ ही भारत माता के हर सपूत को स्वस्थ रखकर डॉक्टर भारत माता की मदद कर सकते हैं।

## पाठ - 6

## औद्योगिक तीर्थ - कोरबा

सही विकल्प चुनकर लिखिए -

प्रश्न 1 - छत्तीसगढ़ का औद्योगिक तीर्थ किसे कहा गया है -

(अ) बिलासपुर (ब) रायगढ़

(स) दुर्ग (द) कोरबा

उत्तर -(द) कोरबा

प्रश्न 2 - मिनीमाता (बांगो) बांध किस नदी पर बनाया गया है?

(अ) महानदी (ब) हसदो नदी

(स) नर्मदा नदी (द) अरपा नदी

उत्तर -(ब) हसदो नदी

प्रश्न 3 - छत्तीसगढ़ की ऊर्जा नगरी किसे कहते हैं?

(अ) दुर्ग (ब) रायपुर (स) अंबिकापुर (द) कोरबा

उत्तर- (द) कोरबा

प्रश्न 4 - बांगों बाँध जल विद्युत के प्रत्येक इकाई से कितने मेगावाट बिजली उत्पन्न होती है?

(अ) 20 मेगावाट (ब) 30 मेगावाट

(स) 40 मेगावाट (द) 50 मेगावाट

उत्तर -(स) 40 मेगावाट

प्रश्न 5 - इनमें से कौन-सा शब्द विशेषण है?

(अ) राधा (ब) तुम (स) पीला (द) कूदना

उत्तर -(स) पीला

प्रश्न 6 - बिजली से कौन-कौन से उपकरण चलते हैं?

उत्तर - बिजली से बल्ब, टी.वी., फ्रीज, मिक्सर मशीन, पानी का पंप इत्यादि उपकरण चलते हैं।

प्रश्न 7 - कोरबा किस राज्य में स्थित है?

उत्तर -कोरबा छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित है।

प्रश्न 8 - हमारे शरीर को ऊर्जा किससे मिलती है?

उत्तर -हमारे शरीर को ऊर्जा भोजन से मिलती है।

प्रश्न 9 - विद्युतगृह किसे कहते हैं?

उत्तर -जहाँ बिजली पैदा की जाती है उसे विद्युतगृह कहते हैं।

प्रश्न 10 - कोरबा में स्थित बाँध का क्या नाम है?

उत्तर -कोरबा में स्थित बाँध का नाम बांगो बाँध है।

प्रश्न 11 - कोरबा को छत्तीसगढ़ की ऊर्जा नगरी क्यों कहा जाता है?

उत्तर - कोरबा में बिजली बनाने का बहुत बड़ा विद्युतगृह है। यह विद्युतगृह देश में सबसे बड़ा है। यहाँ कोयले को जलाकर पानी से निकले भाप से मशीने चलाकर बिजली बनाई जाती है इसलिए कोरबा को छत्तीसगढ़ की ऊर्जा नगरी कहते हैं।

प्रश्न 12 - कोरबा के अलावा छत्तीसगढ़ में और कौन-सा शहर प्रसिद्ध है और क्यों?

उत्तर- बच्चे स्वयं उत्तर लिखेंगे।

प्रश्न 13 - सत्य और असत्य बताओ।

(अ) कोरबा छत्तीसगढ़ में स्थित है।

(ब) कोरबा में कोयला खदानें नहीं है।

(स) छत्तीसगढ़ की औद्योगिक नगरी दुर्ग है।

(द) कोरबा जल विद्युत के प्रत्येक इकाई से 40 मेगावाट बिजली प्राप्त होती है।

उत्तर- (अ) सत्य (ब) असत्य (स) असत्य (द) सत्य

प्रश्न 14 - कोरबा में बिजली का उत्पादन कैसे किया जाता है?

उत्तर- कोरबा में बिजली का उत्पादन के लिए जल विद्युत एवं ताप विद्युत इकाइयाँ है। यहाँ कोयला जलाकर उसके ताप से पानी गर्म करते हैं। इनसे मिली भाप से मशीने चलाकर बिजली का उत्पादन किया जाता है।

प्रश्न 15 - बिजली गुल हो जाने पर तुम्हें किस तरह की समस्याएँ आती है?

उत्तर -बच्चे स्वयं उत्तर लिखेंगे।

## पाठ - 7

## घरौंदा

सही विकल्प चुनकर लिखिए -

प्रश्न 1 - झुमरी ने कितने पिल्ले को जन्म दिया था?

(अ) दो (ब) तीन (स) चार (द) पाँच

उत्तर -(द) पाँच

प्रश्न 2 - आग बबूला होने का अर्थ है -

(अ) नाराज होना (ब) आग जलाना

(स) बहुत अधिक क्रोधित होना (द) खुश होना

उत्तर- (स) बहुत अधिक क्रोधित होना

प्रश्न 3 - प्रयत्न का अर्थ है -

(अ) कोशिश (ब) काम (स) परेशान (द) गुस्सा

उत्तर- (अ) कोशिश

प्रश्न 4 - ''लड़की ने घरौंदा बनाया'' में क्रिया शब्द है -

(अ) लड़की (ब) ने (स) घरौंदा (द) बनाया

उत्तर -(द) बनाया

प्रश्न 5 - बुखार किसे हो गया था?

(अ) झूमरी को (ब) अमिता को

(स) पिल्ले को (द) अमिता की माँ को

उत्तर -(ब) अमिता को

प्रश्न 6 - अमिता की माँ उसकी किस बात से आग बबूला हो गई थी?

उत्तर - अमिता ने अपनी माँ से झूमरी के पिल्लों को घर के बरामदे में रखने के लिए कहा। इससे उसकी माँ आग बबूला हो गई थी।

प्रश्न 7 - घरौंदा किसे कहते है?

उत्तर- घरौंदा का अर्थ है छोटा घर, कागज, मिट्टी का छोटा घर घरौंदा है । बच्चों के खेलने के बहुत ही छोटे से घर को घरौंदा कहते हैं।

प्रश्न 8 - अमिता क्यों रोने लगी थी?

उत्तर -पिल्लों को जंगल में छोड़ने वाली बात से अमिता रोने लगी थी।

प्रश्न 9 - ‘काला अक्षर भैंस बराबर’ का क्या अर्थ है?

उत्तर -‘काला अक्षर भैंस बराबर’ का अर्थ है बिना पढ़ा लिखा होना।

प्रश्न 10 - ‘रचना काम कर रही है’ इस वाक्य को भूतकाल में लिखो।

उत्तर -रचना काम कर रही थी।

प्रश्न 11 - अमिता ने किसके लिए घरौंदा बनाया था?

उत्तर- अमिता ने पिल्लों के लिए घरौंदा बनाया था?

प्रश्न 12 - अमिता के बीमार होने पर घरवालों ने क्या किया?

उत्तर - अमिता के बीमार होने पर घर वालों ने डॉक्टर को बुलाया। डॉक्टर ने जाँच करके अमिता को सुई लगाई और आराम करने के लिए कहा।

प्रश्न 13 - अमिता ने पिल्लों के लिए घरौंदा बनाया। क्या तुमने कभी ऐसा कुछ किया है? विस्तार से बताइये।

उत्तर -बच्चे स्वयं उत्तर बताएँगे।

प्रश्न 14 - यदि पिल्लों के लिए अमिता ने घरौंदा न बनाया होता तो क्या होता?

उत्तर -बच्चे अपनी कल्पनानुसार उत्तर देंगे।

प्रश्न 15 - तुम अपने आसपास के जानवरों की देखभाल कैसे करते हो?

उत्तर -बच्चे स्वयं करें।

प्रश्न 16 - घरौंदा पाठ का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

उत्तर- बच्चे स्वयं लिखेंगे।

प्रश्न 17 - अपने घर के आसपास तुमने किसी जानवर के बच्चे को देखा होगा। उसके बारे में अपने अनुभव लिखो।

उत्तर -बच्चे स्वयं इसका उत्तर अपने अनुभव के आधार पर देंगे।

## पाठ - 8

## कोलिहा खोलिस चश्मा दुकान (छत्तीसगढ़ी)

सही विकल्प चुन के लिखव -

प्रश्न 1 - चश्मा दुकान कोन खोलिस?

(अ) कोलिहा (ब) बेंदरा (स) भालू (द) खरगोश

उत्तर -(अ) कोलिहा

प्रश्न 2 - चिरई जाम कोन ला कथे?

(अ) बीही (ब) आम (स) जामुन (द) खजूर

उत्तर -(स) जामुन

प्रश्न 3 - 'बिसाना' के हिंदी अर्थ हे -

(अ) सरल (ब) भीतर (स) कच्चा (द) खरीदना

उत्तर -(द) खरीदना

प्रश्न 4 - कोन म जल्दी आग धरही?

(अ) झुक्खा काड़ी (ब) पेड़ (स) गेंद (द) चश्मा

उत्तर -(अ) झुक्खा काड़ी

प्रश्न 5 - कोलिहा हा कोन ला आँखी के जाँच कराये बर किहिस?

(अ) भालू (ब) चीतल (स) खरगोश (द) घुघुवा

उत्तर -(द) घुघुवा

प्रश्न 6 - हइरना ह बिना पानी पिये कहाँ जात रहसि?

उत्तर - हइरना ह बिना पानी पिये चश्मा बिसाए बर जात रहिस।

प्रश्न 7 - कोलिहा ह घुघुवा ले का कहिस?

उत्तर - कोलिहा ह घुघुवा ले कहिस - तैं ह पहिली गरूड़ डॉक्टर ले अपन आँखी के जाँच करवा के आ। तब तोला चश्मा देहूँ।

प्रश्न 8 - बेंदरा ल जाम कोन रंग के दिखय?

उत्तर - बेंदरा ल जाम करिया रंग के दिखय।

प्रश्न 9 - दूसर जानवर मन खरगोश ल देख के काबर हँसय?

उत्तर- खरगोश ल झुक्खा काड़ी ल खावत देख के दूसर जानवर मन हँसय।

प्रश्न 10 - भालू ह कोन रंग के चश्मा लईस ?

उत्तर - भालू ह सफेद रंग के चश्मा लईस ।

प्रश्न 11 - खालहे लिखाय शब्द मन के हिंदी अर्थ लिखव।

मुस्कुल, कऊँवा, झुक्खा

उत्तर- मुस्कुल - मुश्किल

कऊँवा - कौआ

झुक्खा - सूखा

प्रश्न 12 - कोन काकर ले कहिस।

(अ) "तोर सफेद रंग में हरियर चश्मा खुलही"

उत्तर - कोलिहा ह खरगोश ल कहिस।

(ब) "ये ठीक हे, जइसन रंग तइसन चश्मा ।"

उत्तर - कोलिहा ह कऊँवा ले कहिस।

(स) "मोला अइसन चश्मा देवा जेला पहिन के मैं दिन म देख सकँव।"

उत्तर - घुघुवा ह कोलिहा ल कहिस।

प्रश्न 13 - कोलिहा ह घुघुवा ले आँखी जाँच कराए बर काबर कहिस?

उत्तर- कोलिहा ह घुघुवा ले आँखी जाँच कराए बर कहिस काबर घुघवा ल दिन म नई दिखय। तेखर बर घुघुवा ह ओला गरूड़ डॉक्टर ले आँखी जाँच कराए बर कहिस।

प्रश्न 14 - खालहे लिखाय शब्द म 'मन' जोड़ के बहुवचन रूप बनाव अऊ वाक्य म प्रयोग करव।

1. लइका 2. चिरइ 3. बइला

उत्तर- 1. लइका - लइकामन

वाक्य प्रयोग - लइकामन अड़बड़ उतलइन रहिथे।

2. चिरई - चिरईमन

वाक्य प्रयोग - चिरइमन रूख म घोसला बना के रहिथे।

3. बड़ला - बड़लामन

वाक्य प्रयोग - बड़लामन नागर म जोड़ी के जोड़ी संघरा चलथे।

प्रश्न 16 - "कोलिहा खोलिस चश्मा दुकान" पाठ ल कहानी रूप म हिंदी म लिखव।

उत्तर - बच्चे स्वयं उत्तर लिखेंगे ।

प्रश्न 17 - जंगल-झारी ऊपर कोनो एकठन गीत ल लिखव।

उत्तर - बच्चे स्वयं लिखेंगे।

## पाठ - 09

## दीप जले

सही विकल्प चुनकर लिखिए -

प्रश्न 1 - पर्व का अर्थ है -

(अ) उत्साह (ब) उत्सव (स) उल्लास (द) खुशी

उत्तर- (ब) उत्सव

प्रश्न 2 - किस त्यौहार में ढेर सारे दीप जलाए जाते हैं?

(अ) होली (ब) दीपावली (स) रक्षाबंधन (द) ईद

उत्तर -(ब) दीपावली

प्रश्न 3 - 'प्रीति' का विलोम शब्द है -

(अ) प्रेम (ब) स्नेह (स) बैर (द) दुःख

उत्तर- (स) बैर

प्रश्न 4 - दिवाली कब मनाई जाती है?

(अ) कार्तिक मास (ब) अगहन मास (स) पूस मास (द) माघ मास

उत्तर- (अ) कार्तिक मास

प्रश्न 5 - कविता में आए 'मावस' शब्द का क्या अर्थ है?

(अ) पूर्णिमा (ब) चाँद (स) सूर्य (द) अमावस्या

उत्तर -(द) अमावस्या

प्रश्न 6 - यह कविता किस त्यौहार के बारे में लिखी गई है?

उत्तर -यह कविता दीपावली त्यौहार के बारे में लिखी गई है?

प्रश्न 7 - दीपावली कब मनाई जाती है?

उत्तर - दीपावली कार्तिक माह की अमावस्या को मनाई जाती है।

प्रश्न 8 - दिवाली में प्रकाश करने के लिए कौन से साधन अपनाए जाते हैं?

उत्तर - दिवाली में प्रकाश करने के लिए दीपक, मोमबत्ती एवं बल्ब-झालर आदि साधन अपनाए जाते हैं ।

प्रश्न 9 - कविता में मावस का चंदा किसे कहा गया है?

उत्तर- कविता में मावस का चंदा दीपक को कहा गया है।

प्रश्न 10 - दिवाली में क्या-क्या करते हैं?

उत्तर - दिवाली में हम लक्ष्मी पूजा करते हैं। पटाखे फोड़ते हैं। घर में सभी तरफ दीए जलाते हैं।

प्रश्न 11 - तुम दिवाली की तैयारियाँ कैसे करते हो?

उत्तर - दिवाली आने के पहले हम घरों की साफ-सफाई करते हैं। रंग-रोगन करते हैं। दिवाली के दिन दिये जलाते हैं। लक्ष्मी पूजा करते हैं। पटाखे जलाते हैं। मिठाइयाँ बाँटते हैं।

प्रश्न 12 - अपने पसंदीदा त्यौहार के बारे में बताओ।

उत्तर - बच्चे स्वयं बताएँगे।

प्रश्न 13 - निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखो।

हार, रात, जलना

उत्तर - हार - जीत, रात - दिन, जलना - बुझना

प्रश्न 14 - तुम कौन-कौन से त्यौहार मनाते हो?

उत्तर -बच्चे स्वयं उत्तर लिखेंगे।

प्रश्न 15 - स्कूल में मनाए जाने वाले त्यौहार के बारे में बताओ।

उत्तर - हम स्कूल में स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस मनाते हैं। इस दिन सभी बच्चे साफ यूनीफार्म पहनते हैं। स्कूल में ध्वजारोहण किया जाता है। मिठाई बाँटी जाती है। प्रभात फेरी निकाली जाती है।

प्रश्न 16 - रोशनी देने वाली चीजों के चित्र बनाओ।

उत्तर - बच्चे स्वयं बनाएँगे।

प्रश्न 17 - इस बार तुमने अपना मनपसंद त्यौहार कैसे मनाया। उसके बारे में लिखो।

उत्तर - बच्चे अपने अनुभव के आधार पर उत्तर लिखेंगे।

## पाठ - 10

## संत रविदास

सही विकल्प चुनकर लिखिए -

प्रश्न 1 - संत रविदास का जन्म कब हुआ था?

(अ) सम्वत् 1433 (ब) सम्वत् 1466

(स) सम्वत् 1533 (द) सम्वत् 1566

उत्तर- (अ) सम्वत् 1433

प्रश्न 2 - रविदास के माता-पिता क्यों चिंतित रहते थे?

(अ) वे पढ़ते-लिखते नहीं थे।

(ब) वे साधु-संतों के पीछे लगे रहते थे।

(स) वे बड़े हो गए थे।

(द) वे हरि कीर्तन में घर का काम-धाम भूल जाते थे।

उत्तर -(द) वे हरि कीर्तन में घर का काम-धाम भूल जाते थे।

प्रश्न 3 - संत रविदास को और किस नाम से जाना जाता था?

(अ) संत धर्मदास (ब) संत रैदास

(स) संत काशी (द) संत बाह्मी

उत्तर -(ब) संत रैदास

प्रश्न 4 - संत रविदास का जन्म कहाँ हुआ था?

(अ) मँडवाडीह (ब) गिरौद

(स) काशी (द) इनमें से कोई नहीं

उत्तर -(द) मँडवाडीह

प्रश्न 5 - संत का अर्थ है -

(अ) पुजारी (ब) महात्मा (स) भक्त (द) गृहस्थ

उत्तर -(ब) महात्मा

प्रश्न 6 - संत रविदास के माता-पिता का क्या नाम था?

उत्तर - संत रविदास के माता का नाम करमा देवी और पिता का नाम मानदास था।

प्रश्न 7 - संत रविदास के गुरूभाई कौन थे?

उत्तर -संत रविदास के गुरूभाई कबीर दास जी थे।

प्रश्न 8 - संत रविदास ने जनता को क्या उपदेश दिए?

उत्तर - संत रविदास ने जनता को उपदेश दिया कि समाज में कोई छोटा, बड़ा नहीं है, सब समान हैं।

प्रश्न 9 - इन शब्दों को वाक्यों में प्रयोग करो।

1. व्यापारी 2. कारीगर

उत्तर -1. व्यापारी - कपड़ा व्यापारी अपने कारखाने में कपड़े बनवाते हैं।

2. कारीगर - सोने के आभूषणों में कारीगर कुंदन का प्रयोग करते हैं ।

प्रश्न 10 - खाली स्थान भरो।

1. लोग रविदास को बहुत बड़ा ........ समझते थे। (भक्त/भक्ति)

2. भगवान ! इस पापी का ................ कीजिए। (उद्धार/उदार)

3. राजा ने उन लोगों की बातें बड़ी ................ से सुनी। (शांत/शांति)

उत्तर -1. भक्त 2. उद्धार 3. शांति

प्रश्न 11 - निम्नलिखित शब्दों में 'नि' शब्द लगाकर उनके विलोम शब्द बनाओ।

1. गुण 2. भय 3. रोग

उत्तर -1. निर्गुण 2. निर्भय 3. निरोग

प्रश्न 12 - कांशी नरेश संत रविदास के शरण में क्यों गए?

उत्तर - संत रविदास ने कांशी नरेश से कहा कि जन्म और जाति से कर्म बड़ा है। जो राजा न्यायकारी है वही महान है। अन्यायी राजा ऊँचे कुल का होते हुए भी हीन माना जाएगा। इस घटना से प्रभावित होकर कांशी नरेश संत रविदास की शरण में गए।

प्रश्न 13 - तुम किसी और संत के बारे में जानते हो तो उनके बारे में लिखो?

उत्तर -बच्चे स्वयं उत्तर लिखेंगे।

प्रश्न14 - संत रविदास के जीवन के महत्वपूर्ण घटना का वर्णन कीजिए।

उत्तर - संत रविदास को एक सिद्ध पुरूष ने एक मणि दी और बताया कि इस मणि के स्पर्श से लोहे की वस्तु को सोने में बदला जा सकता है किन्तु संत रविदास ने उस मणि का कभी उपयोग नहीं किया। यह उनके जीवन की एक महत्वपूर्ण घटना है। इससे हम कह सकते हैं कि उन्हें धन कोई मोह नहीं था।

प्रश्न 15 - किस तरह संत रविदास ने आगे चलकर संत बनने का निर्णय लिया। तुम बड़े होकर क्या बनना चाहोगे और क्यों?

उत्तर- बच्चे स्वयं उत्तर लिखेंगे।

## पाठ - 11

## जीत खेल भावना की

सही विकल्प चुनकर लिखिए -

प्रश्न 1 - सुरेश ने महेश की शिकायत किससे की?

(अ) शिक्षक से (ब) प्रधानाध्यापक से

(स) सहपाठी से (द) माता-पिता से

उत्तर -(ब) प्रधानाध्यापक से

प्रश्न 2- 'कान भरना' मुहावरे का अर्थ है -

(अ) पता चल जाना (ब) क्रोधित होना

(स) चुगली करना (द) डर जाना

उत्तर- (स) चुगली करना

प्रश्न 3 - 'राजेश के पास अच्छे कपड़े हैं। ' में विशेषण शब्द है -

(अ) राजेश (ब) पास (स) अच्छे (द) कपड़े

उत्तर -(स) अच्छे

प्रश्न 4 - ईर्ष्या का अर्थ है -

(अ) आत्मग्लानि (ब) पछतावा (स) खुशी (द) जलन

उत्तर- (द) जलन

प्रश्न 5 - 'सुरेश हमेशा खेलों में ................ आता था। खाली स्थान में सही शब्द भरो।

(अ) अव्वल (ब) अंतिम (स) तीसरा (द) दूसरा

उत्तर -(अ) अव्वल

प्रश्न 6 - महेश ने सुरेश का सिर क्यों फोड़ा?

उत्तर - सुरेश हमेशा खेलों में अव्वल आता था जिसके कारण महेश उससे ईर्ष्या करता था इसलिए उसने सुरेश का सिर फोड़ दिया था।

प्रश्न 7 - महेश, सुरेश को अपना दुश्मन क्यों समझने लगा था?

उत्तर- महेश के कुछ साथियों ने उसके इतने कान भरे कि वह सुरेश को अपना दुश्मन समझने लगा ।

प्रश्न 8 - निम्नलिखित शब्दों का विलोम शब्द लिखिए।

1. सफलता 2. हिंसा

उत्तर -1. असफलता 2. अहिंसा

प्रश्न 9 - प्रधान अध्यापक क्यों खुश हुए?

उत्तर -सुरेश और महेश की मित्रता होने से प्रधान अध्यापक खुश हो गए।

प्रश्न 10 - तुम्हें कौन-सा खेल खेलना पसंद है?

उत्तर- बच्चे स्वयं करें।

प्रश्न 11 - सुरेश और महेश में तुम्हें कौन अच्छा लगा और क्यों?

उत्तर - मुझे सुरेश अच्छा लगा क्योंकि वह हमेशा खेल में अव्वल आता था। उसने महेश की गलती छुपा कर उसे अच्छा बनने में मदद की थी। उसने प्रधान अध्यापक के सामने महेश का नाम भी नहीं लिया था।

प्रश्न 12 - महेश सुरेश से ईर्ष्या क्यों करता था?

उत्तर - सुरेश हमेशा खेलों में अव्वल आता था। महेश पीछे रह जाता था इसलिए महेश सुरेश से ईर्ष्या करता था।

प्रश्न 13 - अगर तुम सुरेश की जगह होते तो क्या करते ?

उत्तर -बच्चे स्वयं करें।

प्रश्न 14 - तुम्हारे स्कूल में होने वाले खेल आयोजन के बारे में बताओ।

उत्तर -बच्चे स्वयं बताएँगे।

प्रश्न 15 - तुम्हें कौन-सा खेल पसंद है और क्यों?

उत्तर -बच्चे स्वयं करें।

प्रश्न 16 - सही जोड़ी मिलाओ।

हार - अशांति

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | सफल | - | जीत |
| | | शांति | - | असफल |
| | | भय | - | गलत |
| | | सही | - | निर्भय |
| उत्तर | - | हार | - | जीत |
| | | सफल | - | असफल |
| | | शांति | - | अशांति |
| | | भय | - | निर्भय |
| | | सही | - | गलत |

प्रश्न 17 - खेल के आयोजन में किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

उत्तर -बच्चे स्वयं उत्तर देंगे।

## पाठ - 12

## कूकू और भूरी

सही विकल्प चुनकर लिखिए -

प्रश्न 1 - कुत्ते की जमकर पिटाई किसने की?

(अ) मुर्गियों ने (ब) मक्खियों ने (स) कबूतरों ने (द) चिड़ियों ने

उत्तर -(अ) मुर्गियों ने

प्रश्न 2 - 'तहस - नहस करना' मुहावरे का क्या अर्थ है?

(अ) दूर फेंक देना (ब) नष्ट कर देना

(स) पिंजरे में बंद कर देना (द) खुला छोड़ देना

उत्तर- (ब) नष्ट कर देना

प्रश्न 3 - दड़बा में कौन रहता है?

(अ) मुर्गी (ब) घोड़ा (स) कुत्ता (द) गाय

उत्तर -(अ) मुर्गी

प्रश्न 4 - "हमारा चूजा दुनिया में सबसे प्यारा है" यह गाना किसने गाया?

(अ) भूरी और कुत्ता ने (ब) कूकू और कबूतर

(स) कुत्ता और मक्खी (द) भूरी और कूकू ने

उत्तर- (द) भूरी और कूकू ने

प्रश्न 5 - कूकू और भूरी में गहरी दोस्ती किसके कारण थी?

(अ) चूजे के कारण (ब) कुत्ते के कारण

(स) दड़बे के कारण (द) अंडे के कारण

उत्तर -(अ) चूजे के कारण

प्रश्न 6 - नोंक-झोंक का क्या अर्थ है?

(अ) परस्पर की मित्रता (ब) परस्पर की हँसी

(स) परस्पर की छेड़छाड़ (द) परस्पर की दुश्मनी

उत्तर -(स) परस्पर की छेड़छाड़

प्रश्न 7 - इनमें से 'दीन' शब्द का अर्थ है -

(अ) दिन (ब) अमीर (स) रात (द) गरीब

उत्तर -(द) गरीब

प्रश्न 8 - 'झूठे लोग अपनी झूठी शान बघारते हैं' इस वाक्य में किस मुहावरे का प्रयोग हुआ है?

(अ) तहस-नहस करना (ब) शान बघारना

(स) डींग मारना (द) मन में लड्डू फूटना

उत्तर- (ब) शान बघारना

प्रश्न 9 - नीचे दिए गए शब्दों के अर्थ लिखो?

खूबसूरत, थिरकना, नोंक-झोंक, दड़बा, उजले, तहस-नहस करना

उत्तर- खूबसूरत = सुन्दर । थिरकना = नाचना । नोंक-झोंक = परस्पर की छेड़छाड़ । दड़बा = मुर्गी के रहने का स्थान । उजले = साफ, सफेद । तहस-नहस करना = बर्बाद कर देना।

प्रश्न 10 - कूकू और भूरी ये दोनों मुर्गियाँ किस प्रकार अपने अंडों एवं चूज़ों की प्रशंसा कर रही थी?

उत्तर -कूकू मुर्गी अपनी प्रशंसा में कह रही थी कि -

1. मेरे नये अंडे तो दुनिया में सबसे सुन्दर है एकदम रेशम की तरह चिकने हैं।
2. मेरे अंडे कोरे कागज की तरह सफेद है ।
3. देखना जब मेरे अंडों में से चूजे निकलेंगे तो वे भी मेरी तरह खूबसूरत होंगे।

भूरी मुर्गी अपनी प्रशंसा इस प्रकार कर रही थीं -

1. मेरे अंडे सबसे ज्यादा खूबसूरत हैं। देखो न वे मोतियों की तरह चमक रहे हैं।
2. मेरे अंडे दूध की तरह उजले हैं।

3. मेरे अंडे से निकले चूजे खूबसूरत होंगे।

प्रश्न 11 - दड़बे पर किसने आक्रमण किया और क्यों?

उत्तर - दड़बे पर कुत्ता ने आक्रमण किया क्योंकि वह मुर्गियों के अंडे खाना चाहता था।

प्रश्न 12 - कुत्ते को दड़बे पर आक्रमण करने का मौका कब मिला?

उत्तर - कुत्ते को दड़बे पर आक्रमण करने का मौका उस दिन मिला जब कूकू और भूरी मुर्गी अपनी खूबसूरती का बखान एवं गुणगान करने में व्यस्त थीं।

प्रश्न 13 - कबूतर ने मुर्गियों को क्या सलाह दी और क्यों दी?

उत्तर - मुर्गियाँ बचे हुए एक अंडे को लेकर आपस में लड़ रही थी। कबूतर ने उसे ऐसा करने से मना किया क्योंकि यदि वे ऐसा ही करती रहीं तो इकलौता अंडा ठंडा होकर मर जाएगा। झगड़ने के लिए फिर कोई चूजा भी नहीं बचेगा। चाहे तो दोनों आपस में मिलकर चूजे को पाल सकती है।

प्रश्न 14 - दोनों मुर्गियों की अंत में कैसे दोस्ती हुई?

उत्तर - कुत्ते के आक्रमण करने के बाद दड़बे में एक अंडा बचा हुआ था। उसको अपना बताने के लिए दोनों मुर्गियों में लड़ाई हुई। कबूतर की सलाह मानकर दोनों ने अंडे पर बैठना शुरू कर दिया। समय आने पर अंडा फूटा और उसमें से एक नन्हा-सा, गीला-सा, एक हड्डी वाला चूजा बाहर निकला। उसे देखकर दोनों बहुत खुश हुई । कूकू ने भूरी से कहा कि इसकी चोंच तो बिल्कुल तुम से मिलती है। इसी प्रकार भूरी ने कूकू को कहा कि इसके पैर तुम्हारे पैरों से मिलते हैं। दोनों गाने लगी - "हमारा चूजा दुनिया में सबसे प्यारा है।" इस प्रकार मुर्गियों की अंत में दोस्ती हो गई।

प्रश्न 15 - कुत्ता यदि अंडों को नष्ट कर देता तो क्या होता?

उत्तर - कुत्ता यदि अंडों को नष्ट कर देता तो दोनों मुर्गियाँ बहुत निराश हो जाती। हमेशा उदास रहने लगती।

प्रश्न 16 - कूकू और भूरी यदि कुत्ते से अकेले मुकाबला करती तो क्या होता?

उत्तर- कूकू और भूरी यदि कुत्ते से अकेले मुकाबला करती तो उससे हार जाती और कुत्ता उन्हें खा जाता।

प्रश्न 17 - नीचे लिखे मुहावरे के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग करो -

डींग मारना, शान बघारना, तहस-नहस कर देना, मन में लड्डू फूटना

1. डींग मारना = घमंड में आकर अपनी तारीफ करना।

वाक्य प्रयोग - डींग मारना अच्छी बात नहीं है।

2. शान बघारना = स्वयं की विशेषताओं को बताना।

वाक्य में प्रयोग - कूकू मुर्गी शान बघारने में व्यस्त थी।

3. तहस-नहस कर देना = बर्बाद कर देना।

वाक्य प्रयोग - तूफान के कारण किसानों की फसल तहस-नहस हो रही है।

4. मन में लड्डू फूटना = बहुत प्रसन्न होना।

वाक्य प्रयोग - भूरी के मन में चूजे को देखकर मन में लड्डू फूटने लगे।

प्रश्न 18 - 'ई' की मात्रा वाले पाँच स्त्रीलिंग शब्द लिखो।

उत्तर -1. दादी 2. नारी 3. हिरनी 4. रानी 5. शेरनी

प्रश्न 19 - इस तालिका में चार-चार वर्णों से बने चार शब्द लिखे गए हैं। ये वर्ण एक निश्चित नियम से लिखे गए हैं। इनमें पशु है, एक पक्षी है, एक सब्जी है और एक फल है। सोचकर इनके नाम लिखो।

| | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ख | क | क | सी | र | बू | ट | ता | गो | त | ह | फ | श | र | ल | ल |

उत्तर- पशु - खरगोश , पक्षी - कबूतर,

सब्जी - कटहल, फल - सीताफल

प्रश्न 20 - “कूकू और भूरी” चित्र कथा को पढ़कर इस पर एक नाटक तैयार करो।

उत्तर -बच्चे स्वयं करेंगे ।

प्रश्न 21 - तुम्हारी कक्षा में तुम्हारे दो दोस्त आपस में लड़ रहे हो तो तुम क्या करोगे?

उत्तर - मैं अपने दोस्तों के झगड़े को समाप्त कर उनकी फिर से दोस्ती करवाऊँगा।

## पाठ - 13

## अनदान के परब-छेरछेरा (छत्तीसगढ़ी)

सही विकल्प चुनकर लिखिए -

प्रश्न 1 - छेरछेरा परब कब मनाय जथे ?

(अ) पूस महिना के पुन्नी म (ब) पूस महिना के अमावस म

(स) माघ महिना के पुन्नी म (द) माघ महिना के अमावस म

उत्तर -(अ) पूस महिना के पुन्नी म

प्रश्न 2 - काकर किरपा ले बरसा होथे ?

(अ) इन्द्रदेव (ब) पवनदेव (स) सूरजदेव (द) अग्नि देव

उत्तर -(अ) इन्द्रदेव

प्रश्न 3 - सही जोड़ी बनाओ ।

1. अंजोरी पाख - घास
2. मोहरी - धनी
3. निछावर - शहनाई
4. काँदी - शुक्लपक्ष
5. बड़हर - न्यौछावर

उत्तर- 1. शुक्लपक्ष 2. शहनाई 3. न्यौछावर

4. घास 5. धनी

प्रश्न 4 - छेरछेरा परब कोन महिना म मनाय जाथे ?

उत्तर - छेरछेरा परब पूस महिना के अँजोरी पाख म पुन्नी के दिन मनाय जाथे ।

प्रश्न 5 - काखर किरपा ले खूब बरसा होथे ?

उत्तर -इन्द्रदेव के किरपा ले खूब बरसा होथे ।

प्रश्न 6 - छेरछेरा म कोन-कोन गीत गाय जाथे ?

उत्तर - 1. "छेरिक छेरा, छेर मरकनिन छेर छेरा, माई कोठी के धान ल हेर हेरा ।"

2. “तारा रे तारा, अंगरेजी तारा, जल्दी -जल्दी बिदा करहू, जाबो दूसर पारा ।”

3. “अरन-बरन कोदो दरन. जभे देबे तभे टरन ।”

प्रश्न 7 - काखर धुन म सब विधुन हो के नाचथे ?

उत्तर -दफड़ा, गुदुम अउ मोहरी के धुन म मगन हो के नाचथे ।

प्रश्न 8 - अपन कमइया बेटा मन ला भूख मरत कोन नइ देख सकिस ?

उत्तर -अपन कमइया बेटा मन ला भूख मरत धरती दाई नइ देख सकिस ?

प्रश्न 9 - बड़हर मन फसल ल मींज-कूट के कहाँ धर देवय ?

उत्तर -बड़हर मन फसल ल मींज-कूट के कोठी - ढाबा म धर देवय ।

प्रश्न 10 - छेरछेरा तिहार के बारे म पाँच लाइन लिखव ?

उत्तर - 1. छत्तीसगढ़ म छेरछेरा ल पूस महिना के अँजोरी पांख म पुन्नी के दिन परब बरोबर मनाय जाथे ।

2. छत्तीसगढ़ म ये दिन जम्मो लईका - सियान छेरछेरा माँगे बर जाथे अउ गीत गाथे - “छेरिक छेरा, छेर मरकनिन छेर छेरा, माई कोठी के धान ल हेर हेरा ।”

3. दफड़ा, गुदुम अउ मोहरी के धुन म मगन हो के सब नाचथे ।

4. किसान मन अपन कोठार - बियारा म धान के मिंजई के आखरी दिन, उहाँ जतका मनखे रहिथे सब झन ल धान निछावर करथे ।

5. जब किसान के धान के मिंजई छेवर हो जाथे तभे ये समिल्हा छेवर ह “छेरछेरा पुन्नी” के परब के रूप म मनाय जाथे ।

प्रश्न 11 - छेरछेरा तिहार के कोन लोककथा हावे ?

उत्तर - छेरछेरा परब के एक ठन लोककथा हावय । बहुत समे पहिली बड़हर मन अपन धान - कोदो ल मींज - कूट के कोठी - ढोली म भर लेवय, अउ बनिहार मन ल अन्न के दाना बर तरसय । पोट - पोट भूख मरय । अपन कमईया बेटा मन ल भूखे मरत धरती दाई देख नई

सकिस । वो ह घोर अकाल पार दिस । धरती बंजर होगे । एक ठन हरियर काँदी नई जामिस । अन अउ पानी बर हाहाकार मचगे । ये बिपत ले बांचे बर बड़हर मन धरती दाई के पूजा पाठ करे लागिन । सात दिन ले पूजा पाठ करिन । पूजा पाठ होईस, तेखर पाछू धरती दाई परगट होगे । सब झन जय - जयकार करिन । त धरती दाई ह बड़हर मन ल कहिस - "सब झन अपन - अपन उपज के ठोमा-खोंची हिस्सा बनिहार ल दान करहू । कोनो ल छोटे अउ कोनो ल बड़े झन समझहू । कोनो गरीब होथे, चाहे बड़हर मन, धान - कोदो के दान लेहू-देहू तभे अंकाल सिराही ।" देबी के बात ल सब झन हाँसी-खुशी ले मान लेइन तब धरती ह अन, पानी, साग-भाजी, कंद-मूल, फल-फूल अउ जरी-बूटी के बरसा कर दिस । लोगन के मन म खुशयाली छागे । आदिशक्ति माता ह शाकम्भरी देवी के रूप में परगट होईस । ये दिन ल शाकम्भरी जयंती के रूप म घलो मनाय जाथे ।

प्रश्न 12 - छेरछेरा परब हमन ला काय बताथे ।

उत्तर - छेरछेरा परब हमन ला जुरमिल के रेहेबर सिखाते । मिल-बाँट के खाये बर सिखाथे ।

प्रश्न 13 - छेरछेरा परब के मुख्य बात लिखव ।

उत्तर - 1. किसान मन अपन कोठार - बियारा म धान के मिंजई के आखरी दिन उहाँ जतका मनखे रहिथे सब झन ल धान निछावर करथे ।

2. छेरछेरा के दिन जम्मो मनखे जात-धरम, ऊँच-नीच अउ छोटे-बड़े के भेदभाव ला भुला के अन के दान माँगे बर जाथे । धान - कोदो के दान ल कोनो बर्तन म नइ करे जाय, टुकना चरिहा नइ त सुप-टोपला म देथे ।

3. छत्तीसगढ़ म छेरछेरा के दिन हाँसी-खुशी के नंदिया-नरवा बोहाथे ।

4. ये दिन कोनो बड़े न कोनो छोटे सब्बो बरोबर हवय ।

5. आज ले सब्बो धान - कोदो के दान लेवत हंवय अउ देवत हंवय ।

6. ये ह हमर छत्तीसगढ़ के जम्मो लइका-सियान बर बरोबर के तिहार आय ।

7. छेरछेरा के दिन धान या रुपिया-पइसा के दान करे जाथे ।

प्रश्न 14 - खालहे लिखाय वाक्य मन ल हिंदी म लिखव ।

1. किसान अपन फसल ल मींज-कूट के कोठी-ढाबा म धर लेथे ।

उत्तर - किसान अपनी फसल को मिंजाई - कुटाई करके अपने घर की कोठी में रख लेते हैं।

2. जब किसान के धान के मिंजाई छेवर हो जाथे, तभे ये समिलहा छेवर ह "छेरछेरा-पुन्नी" के परब के रूप म मनाय जाथे ।

उत्तर - जब किसान अपनी फसल की मिंजाई - कुटाई कर लेते हैं फिर उसके बाद यह त्यौहार छेरछेरा पुन्नी के रूप में मनाया जाता है ।

3. छत्तीसगढ़ में छेरछेरा के दिन हाँसी-खुशी के नंदिया-नरवा बोहाथे ।

उत्तर - छत्तीसगढ़ में छेरछेरा पर्व के दिन हँसी-खुशी नदी - नाला की तरह बहता है ।

प्रश्न 15 - ये शब्द मन के पर्यायवाची हिंदी शब्द लिखव -

महिना, दिन, धरती, बेटा, पानी

उत्तर -महिना - माह

दिन - दिवस

धरती - धरा, धरनी, पृथ्वी

बेटा - पुत्र

पानी - जल

प्रश्न 16 - खालहे लिखाय शब्द मन के उल्टा अर्थ वाले हिंदी शब्द लिखव ।

पुन्नी, जयंती, जल्दी

उत्तर -पुन्नी - अमावस्या

जयंती - पुण्यतिथि

जल्दी - देर

## पाठ - 14

## ऊर्जा की बचत

सही विकल्प चुनकर लिखिए -

प्रश्न 1 - सोलर का अर्थ है -

(अ) सूर्य (ब) तेल (स) पवन (द) गैस

उत्तर -(अ) सूर्य

प्रश्न 2 - सोलर कूकर का उपयोग होता है -

(अ) खाना पकाने में (ब) बिजली बनाने में

(स) बल्ब बनाने में (द) पेट्रोल बनाने में

उत्तर- (अ) खाना पकाने में

प्रश्न 3 - सोलर कुकर के डिब्बे के रंग होते हैं -

(अ) नीला (ब) पीला (स) काला (द) लाल

उत्तर -(स) काला

प्रश्न 4 - पवन चक्कियाँ चलती हैं -

(अ) वायु ऊर्जा से (ब) जल ऊर्जा से

(स) सूर्य ऊर्जा से (द) गोबर गैस ऊर्जा से

उत्तर -(अ) वायु ऊर्जा से

प्रश्न 5 - 'ऊर्जा' शब्द का अर्थ है -

(अ) यंत्र (ब) मशीन (स) शक्ति (द) ताकत

उत्तर -(स) शक्ति

प्रश्न 6 - पेट्रोल की बचत हम कैसे कर सकते हैं?

उत्तर- मोटर साइकिल, स्कूटर, कार का कम-से-कम उपयोग करके हम पेट्रोल की बचत कर सकते हैं।

प्रश्न 7 - परम्परागत ऊर्जा स्त्रोत कौन-कौन से हैं?

उत्तर -लकड़ी, तेल, गैस, पेट्रोल, डीजल आदि।

प्रश्न 8 - ऊर्जा के नए स्त्रोत के नाम लिखो।

उत्तर -सोलर ऊर्जा, जल ऊर्जा, पवन ऊर्जा, गोबर गैस।

प्रश्न 9 - गाँव में किस प्रकार की ऊर्जा का उपयोग होता है?

उत्तर -लकड़ी, कोयला, मिट्टी तेल, गोबर गैस।

प्रश्न 10 - पवन ऊर्जा का उपयोग बताओ?

उत्तर- पवन ऊर्जा का उपयोग बिजली बनाने एवं पवन चक्कियाँ बनाने में किया जाता है।

प्रश्न 11 - जल ऊर्जा का उपयोग बताएँ ?

उत्तर - जल ऊर्जा के उपयोग से बिजली बनाई जाती है। उससे आटा-चक्कियाँ चलती हैं एवं अन्य उपकरणों में इसका उपयोग किया जाता है ।

प्रश्न 12 - निम्नलिखित वाक्यों को प्रश्न वाचक वाक्य में बदलिए ।

(अ) हम लोगों को भी कुछ काम करना चाहिए।

(ब) वैज्ञानिक ऊर्जा के नए स्त्रोत खोज रहे हैं।

(स) ऊर्जा की बचत के लिए उपाय होने चाहिए।

उत्तर -(अ) क्या हम लोगों को भी कुछ काम करना चाहिए ?

(ब) वैज्ञानिक ऊर्जा के नए स्त्रोत क्यों खोज रहे हैं ?

(स) ऊर्जा की बचत के लिए कौन-से उपाय होनी चाहिए ?

प्रश्न 13 - बिजली बनाने के अन्य स्त्रोत कौन-कौन से है?

उत्तर -1. वायु ऊर्जा का उपयोग बिजली बनाने में किया जाता है।

2. पहाड़ों पर पानी की धार से बिजली पैदा की जाती है।

प्रश्न 14 - नीचे दिए गए शब्दों/वाक्याशों का अपने वाक्यों में प्रयोग करो।

1. अधिक से अधिक 2. नए-नए 3. तरह-तरह

उत्तर - 1. अधिक से अधिक - हमें अधिक से अधिक खेल खेलना चाहिए।

2. नए-नए - मुझे नए-नए कपड़े पहनने का शौक है।

3. तरह-तरह - मेरे पास तरह-तरह के खिलौने हैं।

प्रश्न 15 - 'इक' लगाकर नए शब्द बनाओ।

1. समाज + इक ................ 2. परिवार + इक .......................

3. धर्म + इक .................... 4. साहित्य + इक .......................

5. अर्थ + इक .......................

उत्तर- 1. सामाजिक 2. पारिवारिक 3. धार्मिक

4. साहित्यिक 5. आर्थिक

प्रश्न 16 - स्वच्छ, नम्र, पवित्र शब्दों में 'ता' जोड़कर नए शब्द बनाओ।

उत्तर -1. स्वच्छ + ता - स्वच्छता

2. नम्र + ता - नम्रता

3. पवित्र + ता - पवित्रता

प्रश्न 17 - इन शब्दों के विलोम शब्द लिखो।

अधिक, सरल, रात, उपयोग, बनाना, अर्थ

उत्तर -अधिक - कम, सरल - कठिन, रात - दिन,

उपयोग - अनुपयोग, बनाना - बिगाड़ना, अर्थ - अनर्थ

प्रश्न 18 - सोलर कुकर का वर्णन करो?

उत्तर - सोलर कुकर में एक बड़ा बक्सा होता है जो लकड़ी या टीन का बना होता है जो अंदर से काले रंग से पुता होता है। इसके ढक्कन में अंदर की तरफ बड़ा-सा आइना लगा होता है। उसके बाद उसमें एक पारदर्शी काँच की पट्टी लगी होती है। बक्से के अंदर खाना रखने के लिए काले-काले डिब्बे होते हैं। बक्से के ढक्कन को खोलकर धूप की तरफ रखते हैं। सूरज की किरणें आइने से टकराकर अंदर वाले काँच पर सीधी पड़ती है। इसकी गर्मी से ही डिब्बों में रखा खाना पकता है।

प्रश्न 19 - सोलर कुकर से क्या - क्या लाभ है?

उत्तर- 1. इसमें भोजन पकाया जाता है।

2. भोजन स्वादिष्ट एवं पौष्टिक होता है।

3. ऊर्जा की बहुत कम खपत होती है।

प्रश्न 20 - बिजली की बचत किस प्रकार से कर सकते हैं?

उत्तर- बिजली की बचत हम इस प्रकार से कर सकते हैं - जब प्रकाश या हवा की जरूरत न हो तो बिजली के बल्ब, ट्यूबलाइट, पंखे न चलाएं। बल्ब जलाने में अधिक मात्रा में बिजली खर्च होती है इसलिए इसके स्थान पर ऐसी ट्यूबलाइट या बल्ब जलाएँ जिनमें बिजली कम खर्च हो। विवाह, जन्मदिन आदि अवसरों पर तड़क-भड़क न करें और बिजली की खपत अधिक न करें ।

प्रश्न 21 - पानी को बचाने के उपाय लिखो।

उत्तर -1. नल से उतना ही पानी लें जितने की आवश्यकता हो।

2. पानी के उपयोग में सावधानी बरतें।

3. पानी को बेकार न फेंके।

4. कपड़ा धोने के बाद बचे पानी को पेड़-पौधों में डाल दें।

5. नल को खुला न छोड़ें।

प्रश्न 22 - सर्वे कार्य - तुम्हारे मोहल्ले में कितने लोगों के घरों में किन-किन ऊर्जा के स्त्रोतों से खाना बनता है। सूची बनाओ।

| घर क्र. | लकड़ी | गैस सिलेंडर | गोबर गैस | बिजली |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | |
| 2 | | | | |
| 3 | | | | |
| 4 | | | | |
| 5 | | | | |

तालिका देखकर बताओ कि -

1.घरों में खाना बनाने के लिए सबसे ज्यादा ऊर्जा का उपयोग किया जाता है।

2. सबसे कम ऊर्जा का उपयोग किया जाता है।

3. खाना बनाने के लिए सस्ता एवं प्रदूषण रहित साधन है।

4. खाना बनाने में लकड़ी का प्रयोग करने से क्या-क्या नुकसान होंगे।

उत्तर -बच्चे स्वयं सूची बनाएँगे और प्रश्नों का उत्तर देंगे ।

प्रश्न 23 - शिक्षक की मदद से सोलर कुकर का मॉडल बनाओ।

उत्तर -शिक्षक की मदद से बच्चे स्वयं बनाएँगे ।

## पाठ - 15
## चूड़ीवाला

सही विकल्प चुनकर लिखिए -

प्रश्न 1 - नन्हीं ने कौन-सी चूड़ियाँ पसंद की -

(अ) लाल (ब) हरी (स) पीली (द) नारंगी

उत्तर -(द) नारंगी

प्रश्न 2 - मुन्नी कौन थी?

(अ) नन्हीं की सहेली (ब) नन्हीं की बहन

(स) चूड़ी वाले की बेटी (द) चूड़ी वाले की बहन

उत्तर -(स) चूड़ी वाले की बेटी

प्रश्न 3 - नन्हीं ने लाल रंग की चूड़ियाँ किसके लिए खरीदी?

(अ) स्वयं के लिए (ब) अम्मा के लिए

(स) गुड़िया के लिए (द) मुन्नी के लिए

उत्तर -(स) गुड़िया के लिए

प्रश्न 4 - हाथ में पहने जाने वाले आभूषण को क्या कहते हैं?

(अ) चूड़ी (ब) नथनी (स) पायल (द) बाली

उत्तर -(अ) चूड़ी

प्रश्न 5 - जैसे चूड़ी बेचने वाले को चूड़ीवाला कहते हैं, उसी प्रकार फल बेचने वाले को क्या कहेंगे?

(अ) सब्जीवाला (ब) चाटवाला (स) दूधवाला (द) फलवाला

उत्तर -(द) फलवाला

प्रश्न 6- सही संबंध जोड़ो।

| | | |
|---|---|---|
| चूड़ीवाला | - | बोलने वाली गुड़िया |
| नन्हीं की | - | चूड़ी वाले की बेटी |
| मुन्नी | - | लाल रंग की चूड़ी |
| गुड़िया के लिए | - | चूड़ी बेचना |

| | | |
|---|---|---|
| उत्तर -चूड़ीवाला | - | चूड़ी बेचना |
| नन्हीं की | - | बोलने वाली गुड़िया |
| मुन्नी | - | चूड़ी वाले की बेटी |
| गुड़िया के लिए | - | लाल रंग की चूड़ी |

प्रश्न 7 - नन्हीं की गुड़िया को कौन ले गया और क्यों?

उत्तर - नन्हीं की गुड़िया को चूड़ी बेचने वाला ले गया क्योंकि वह गरीब था और वह भी अपनी बेटी को सुंदर सी गुड़िया लेकर देना चाहता था लेकिन गरीबी के कारण वह गुड़िया खरीद नहीं सकता था।

प्रश्न 8 - नन्हीं की माँ ने पड़ोसियों को चूड़ी वाले से सावधान रहने के लिए क्यों कहा?

उत्तर - नन्हीं की गुड़िया को चूड़ी वाला चुराकर ले गया था इसलिए नन्हीं की माँ ने पड़ोसियों को चूड़ी वाले से सावधान रहने के लिए कहा।

प्रश्न 9 - चूड़ीवाले की बच्ची ने नन्हीं की गुड़िया क्यों लौटा दी?

उत्तर- चूड़ीवाला ने जब अपनी बेटी को गुड़िया दी और यह बताया कि उसने गुड़िया की चोरी की है तो उसकी बेटी मुन्नी ने गुड़िया लेने से इंकार कर दिया।

प्रश्न 10 - तुम्हारी कोई प्रिय वस्तु खो जाने या नष्ट हो जाने पर तुम्हें कैसा लगता है?

उत्तर - हमारा कोई प्रिय वस्तु खो जाने या नष्ट हो जाने पर हमें दु:ख होता है। हम रोने लगते हैं। हमें उसकी बहुत याद आती है।

प्रश्न 11 - चूड़ियाँ किस-किस पदार्थ से बनती है?

उत्तर -चूड़ियाँ काँच से, स्टील से, लाख से, हाथी दाँत आदि से बनती है।

प्रश्न 12 - चूड़ीवाला अपना मुँह ढककर क्यों आया था?

उत्तर - चूड़ीवाला नन्हीं की गुड़िया चुराकर ले गया था। शर्म के कारण वह अपना मुँह ढककर आया था।

प्रश्न 13 - नन्हीं की चरित्र की विशेषताएँ लिखो।

उत्तर - 1. नन्हीं को खिलौने (गुड़िया) खेलना बहुत पसंद था इसलिए उसके चाचा ने उसके लिए बोलने वाली गुड़िया ले कर आये।

2. नन्हीं को चूड़ियाँ पहनना बहुत अच्छा लगता था। माँ के घर पर न होने के बावजूद वह नारंगी रंग की चूड़ियाँ ले लेती है। अपनी गुड़िया के लिए भी वह चूड़ियाँ (लाल रंग) खरीदती है। इस प्रकार से उसे चूड़ियाँ बहुत पसंद थी।

3. गुड़िया चोरी होने पर बहुत दु:खी होती है और रोने लगती है।

4. गुड़िया वापस मिलने पर वह बहुत खुश होती है। गुड़िया को गले लगा लेती है।

5. वह दयालु भी है। चूड़ी वाले की बेटी के लिए भी अपनी जैसे गुड़िया मांगने को तैयार हो जाती है।

प्रश्न 14 - मुन्नी की चरित्र की विशेषताएँ लिखो?

उत्तर - 1. मुन्नी एक गरीब परिवार से थी। उसके पिता उसके लिए एक अच्छी गुड़िया नहीं खरीद सकते थे इसलिए वह उसे नन्हीं से चुरा कर गुड़िया देते है।

2. वह ईमानदार थी। जब उसे पता चलता है कि गुड़िया चोरी की है तो उसे लेने से इंकार कर देती है। अपने पिता को गुड़िया वापस करने पर मजबूर कर देती है।

प्रश्न 15 - नन्हीं और मुन्नी दोनों में से तुम्हें किसका चरित्र अच्छा लगा ? और क्यों ?

उत्तर - मुझे मुन्नी का चरित्र अच्छा लगा क्योंकि मुन्नी गरीब थी लेकिन ईमानदार थी। उसने चोरी की गुड़िया को वापस लौटा दिया।

प्रश्न 16 - 'दुकान' शब्द में 'दार' शब्द लगाने से शब्द बना 'दुकानदार' । इसी तरह से तुम भी 'दार' लगाकर पाँच शब्द बनाओ और उन्हें अपने वाक्यों में प्रयोग करो ।

उत्तर -1. फल + दार = फलदार

वाक्य प्रयोग - हमें फलदार वृक्ष लगाने चाहिए ।

2. शान + दार = शानदार

वाक्य प्रयोग - मुझे शानदार गुड़िया चाहिए ।

3. हवा + दार = हवादार

वाक्य प्रयोग - मेरा घर हवादार है ।

4. ईमान + दार = ईमानदार

वाक्य प्रयोग - मुन्नी गरीब थी किन्तु ईमानदार थी ।

5. फल + दार = फलदार

वाक्य प्रयोग - हमें फलदार पौधा लगाना चाहिए ।

प्रश्न 17 - जैसे चूड़ी बेचने वाले को चूड़ीवाला कहते हैं, वैसे ही दिए गए वाक्यों को क्या कहेंगे ?

(1) दूध बेचने वाले को (2) सब्जी बेचने वाले को

(3) रिक्शा चलाने वाले को (4) चाट बेचने वाले को

(5) तांगा चलाने वाले को

उत्तर -(1) दूधवाला (2) सब्जीवाला

(3) रिक्शावाला (4) चाटवाला

(5) तांगावाला

प्रश्न 18 - चूड़ीवाले ने मुस्कुराकर पूछा । इस वाक्य का अर्थ है - चूड़ीवाला मुस्कुराया फिर पूछा । अब इन वाक्यों को इसी प्रकार तोड़कर लिखो।

(क) चूड़ीवाला गुड़िया लेकर चला गया ।

उत्तर -चूड़ीवाला गुड़िया लिया फिर चला गया ।

(ख) पुलिस ने चोर से डांटकर पूछा ।

उत्तर -पुलिस ने चोर को डांटा फिर उससे पूछा ।

(ग) मैंने उसे अपनी गुड़िया दिखाकर कहा ।

उत्तर -मैंने उसे अपनी गुड़िया दिखाई फिर उससे कहा ।

प्रश्न 19 - दिए गए शब्दों को बहुवचन में बदलो ।

चूड़ी, खिड़की, लड़की, बिजली, चींटी, सीढ़ी

उत्तर -

| एक वचन | बहुवचन |
|---|---|
| चूड़ी | चूड़ियाँ |
| खिड़की | खिड़कियाँ |
| लड़की | लड़कियाँ |
| बिजली | बिजलियाँ |
| चींटी | चींटियाँ |
| सीढ़ी | सीढ़ियाँ |

प्रश्न 20 - यदि तुम मुन्नी की जगह होते तो तुम क्या करते ?

उत्तर - यदि मैं मुन्नी की जगह होती तो मैं भी अपने पिता को गुड़िया वापस करने ले जाती क्योंकि चोरी की गुड़िया से खेलना मुझे अच्छा नहीं लगता ।

प्रश्न 21 - क्या चूड़ीवाले का गुड़िया चुराना सही था ?

उत्तर - नहीं, चूड़ीवाले का गुड़िया चुराना सही नहीं था क्योंकि नन्हीं को इससे कितना दु:ख होगा । यह चूड़ीवाले को सोचना था । चोरी करना एक अपराध है इसलिए चोरी नहीं करनी चाहिए ।

## पाठ - 16

## राजिम मेला (सहेली को पत्र)

सही विकल्प चुनकर लिखिए -

प्रश्न 1 - ‘राजिम मेला’ पाठ कौन-सी विधा में लिखा गया है?

(अ) कहानी (ब) कविता (स) नाटक (द) पत्र

उत्तर -(द) पत्र

प्रश्न 2 - ‘एक पंथ दो काज’ मुहावरे का अर्थ क्या है ?

(अ) एक साथ दो काम का होना ।

(ब) एक साथ तीन काम का होना ।

(स) दो काम का एक साथ न होना ।

(द) एक भी काम न होना ।

उत्तर -(अ) एक साथ दो काम का होना ।

प्रश्न 3 - छत्तीसगढ़ का प्रयाग किसे कहा गया है ?

(अ) राजिम (ब) इलाहबाद (स) रायपुर (द) कटक

उत्तर -(अ) राजिम

प्रश्न 4 - त्रिवेणी का क्या अर्थ है ?

(अ) जहाँ दो नदी आपस में मिलती है ।

(ब) जहाँ तीन नदियाँ आपस में मिलती है ।

(स) जहाँ चार नदियाँ आपस में मिलती है ।

(द) जहाँ बहुत सी नदियाँ आपस में मिलती है ।

उत्तर -(ब) जहाँ तीन नदियाँ आपस में मिलती है ।

प्रश्न 5 - सत्तो किसका नाम है ?

(अ) सरिता का (ब) श्वेता का (स) मामी का (द) माँ का

उत्तर -(अ) सरिता का

प्रश्न 6 - छत्तीसगढ़ में कितने ज्योतिर्लिंग हैं?

(अ) 1 (ब) 3 (स) 5 (द) 7

उत्तर -(स) 5

प्रश्न 7 - मराठा समाज की तीर्थस्थली के रूप में कौन-सा मंदिर प्रसिद्ध है ?

(अ) श्री खंडोवा - तुलजा भवानी (ब) श्री चंपेश्वर नाथ

(स) श्री फनेश्वर नाथ (द) श्री दानेश्वर दास

उत्तर -(अ) श्री खंडोवा - तुलजा भवानी

प्रश्न 8 - 'श्री खंडोवा - तुलजा भवानी' का मूल मंदिर कौन से शहर में स्थित है?

(अ) मुंबई (ब) पुणे (स) नागपुर (द) शिर्डी

उत्तर -(ब) पुणे

प्रश्न 9 - पत्र के किस स्थान पर भेजने वाले का पता लिखा जाता है ?

(अ) पत्र के ऊपर दाहिनी ओर (ब) पत्र के नीचे दाहिनी ओर

(स) पत्र के ऊपर बायीं ओर (द) पत्र के नीचे बायीं ओर

उत्तर -(अ) पत्र के ऊपर दाहिनी ओर

प्रश्न 10 - अपने से बड़ों को पत्र लिखते समय संबोधन में क्या लिखेंगे ?

(अ) आयुष्मान/चिरंजीवी (ब) प्रिय/बंधुवर

(स) आयुष्मान/बंधुवर (द) आदरणीय/पूजनीय

उत्तर -(द) आदरणीय/पूजनीय

प्रश्न 11 - छोटे भाई को पत्र लिखने पर क्या लिखकर संबोधित करेंगे ?

(अ) चिरंजीवी (ब) आदरणीय (स) मित्रवर (द) प्रिय

उत्तर - (अ) चिरंजीवी

प्रश्न 12 - नीचे लिखे किस वाक्य में पुनरुक्त शब्द का प्रयोग हुआ है?

(अ) सड़क के किनारे बहुत से वृक्ष लगे हैं ।

(ब) सड़क के किनारे छायादार वृक्ष लगे हैं ।

(स) सड़क के किनारे-किनारे वृक्ष लगे हैं ।

(द) सड़क के किनारे फलदार वृक्ष लगे हैं ।

उत्तर - (स) सड़क के किनारे - किनारे वृक्ष लगे हैं ।

प्रश्न 13 - सही सम्बन्ध जोड़ो -

| 'क' | 'ख' |
| --- | --- |
| 1. श्री कुलेश्वर महादेव | 1. कोपरा |
| 2. श्री चम्पेश्वर नाथ | 2. राजिम |
| 3. श्री ब्रझनेश्वर | 3. फिंगेश्वर |
| 4. श्री फणेश्वर नाथ | 4. चम्पारण्य |
| 5. श्री कोपेश्वर नाथ | 5. ब्रझणी |

उत्तर -1. राजिम 2. चम्पारण्य 3. ब्रझणी

4. फिंगेश्वर 5. कोपरा

प्रश्न 14 - खाली स्थान में सही शब्द चुनकर लिखो -

(छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, महानदी, माघ, पैरी, राजीवलोचन, सोंढूर, गुफावाले महादेव, कुलेश्वर महादेव)

1. राजिम मेला हर वर्ष ............. माह में लगता है ।
2. राजिम को ............... का प्रयाग भी कहते है ।
3. राजिम में .............. एवं ................ नदी का संगम है ।
4. राजिम में ............... और .............. मंदिर है ।
5. दानेश्वर मंदिर को ................... का मंदिर भी कहते हैं ।
6. श्री खंडोवा-तुलजा भवानी का मूल मंदिर ............. राज्य में स्थित है ।

उत्तर - 1. माघ 2. छत्तीसगढ़

3. पैरी सोंढूर एवं महानदी 4. राजीवलोचन, कुलेश्वर महादेव

5. गुफावाले महादेव 6. महाराष्ट्र

प्रश्न 15 - इस 'राजिम मेला' पाठ में पत्र कहाँ से लिखा गया है?

उत्तर -इस 'राजिम मेला' पाठ में पत्र शंकर नगर रायपुर से लिखा गया है ।

प्रश्न 16 - इस 'राजिम मेला' पाठ में पत्र का मुख्य विषय क्या है ?

उत्तर -इस 'राजिम मेला' पाठ में पत्र में राजिम मेला का वर्णन किया गया है ।

प्रश्न 17 - 'राजिम मेला' पाठ में पत्र किसने किसको लिखा है ?

उत्तर -यह पत्र सरिता ने श्वेता को लिखा है ।

प्रश्न 18 - राजिम का मेला किस माह में भरता है ?

उत्तर -राजिम का मेला माघ माह में भरता है ।

प्रश्न 19 - राजिम किन-किन नदियों के संगम पर बसा है ?

उत्तर -राजिम सोंढुर, पैरी और महानदी के संगम पर बसा है ।

प्रश्न 20 - किसी भी मेला में बच्चों के आकर्षण की कौन-सी चीजें होती हैं ?

उत्तर - किसी भी मेला में बच्चों के आकर्षण की मुख्य चीजें होती हैं - तरह-तरह के झूले, खिलौनों की दुकानें, खाने-पीने की दुकानें, गुब्बारे की दुकानें, चाट की दुकानें आदि ।

प्रश्न 21 - त्रिवेणी से क्या तात्पर्य है ?

उत्तर -जहाँ तीन नदियाँ आपस में मिलती हैं उस स्थान को त्रिवेणी कहते हैं ।

प्रश्न 22 - राजिम को छत्तीसगढ़ का प्रयाग क्यों कहा जाता है ?

उत्तर - प्रयाग (इलाहबाद) की तरह राजिम भी त्रिवेणी पर बसा हुआ है । यह भी प्रयाग की तरह प्राचीन और धार्मिक है । अतः राजिम को छत्तीसगढ़ का प्रयाग कहा जाता है ।

प्रश्न 23 - तुमने किसी मेले में झूला अवश्य झूला होगा ? अपने अनुभव लिखो ।

उत्तर - हाँ ! मैंने अपने गाँव के मेले में कई झूलें झूले हैं । मुझे झूला झूलने में बहुत मजा आता है । घोड़ा और कार वाला झूला मुझे बहुत पसंद है । आकाश झूला में जब ऊपर जाते हैं तो मुझे बड़ा डर लगता है । मैं डर के मारे आँखे बंद कर लेता हूँ और माँ का हाथ कसकर पकड़ लेता हूँ ।

प्रश्न 24 - नीचे कुछ शब्द और उनके विपरीत अर्थ वाले शब्द दिए गए हैं - इनकी जोड़ी बनाकर लिखो ।

सुख, प्रसन्न, असफल, अप्रसन्न, ऊँचा, दु:ख, बुद्धिमानी, सफल, पसंद, थोड़ा, नीचा, बुद्धिहीन, नापसंद, बहुत ।

उत्तर -सुख - दु:ख, प्रसन्न - अप्रसन्न, असफल - सफल,

ऊँचा - नीचा, बुद्धिमानी - बुद्धिहीन, पसंद - नापसंद,

थोड़ा - बहुत

प्रश्न 25 - दिए गए शब्दों के अंत में 'इक' लगाकर नए शब्द बनाओ ।

सप्ताह, वर्ष, परिवार, दिन, मास, संसार, व्यवहार, शरीर, समाज, देह

उत्तर -सप्ताह - साप्ताहिक, वर्ष - वार्षिक, परिवार - पारिवारिक,

दिन - दैनिक, मास - मासिक, संसार - संसारिक,

व्यवहार - व्यावहारिक, शरीर - शारीरिक, समाज - सामाजिक, देह - दैहिक

प्रश्न 26 - इस पत्र में एक लड़की ने दूसरी लड़की को 'प्रिय सहेली' लिखा है । तुम बताओ कि इनको पत्र लिखने पर क्या लिखकर संबोधित करोगे/करोगी -

- मित्र या सहेली को
- बड़े भाई/ पिता जी/माता (माँ) को
- छोटे भाई/ छोटी बहन को

उत्तर -प्रिय मित्र/ बंधुवर/मित्रवर

प्रिय सहेली

- आदरणीय बड़े भैया/पूजनीय पिता जी/पूजनीय माता जी (माँ)
- आयुष्मान भाई/चिरंजीव भाई
- आयुष्मती बहन/चिरंजीवी बहन

प्रश्न 27- राजिम का नाम राजिम क्यों पड़ा ?

उत्तर - जनश्रुतियों के अनुसार राजिम नाम कि तेली समाज कि एक महिला इस स्थान पर रहती थी । एक दिन वह रास्ते में पत्थर से टकराकर गिर गई । उसके सिर पर रखा तेल का पात्र भी गिर गया । वह डर गयी कि घर पर उसे डाट पड़ेगी । वह पत्थर पर बैठ कर रोने लगी । अंत में पात्र उठाकर जब वह घर जाने लगी तो उसने देखा कि पात्र में तेल भरा हुआ है । वह रोज उस पत्थर पर अपना पात्र (बर्तन) रखकर तेल भरने लगी । एक दिन वह उस पत्थर को ही उठाकर घर ले आई । वहाँ के राजा जगतपाल को स्वप्न में मंदिर बनाने का आदेश मिला लेकिन स्वप्न जो शिलाखंड दिखाई दिया था, वह राजिम तेलिन के पास था । राजा ने वह शिलाखण्ड उससे लेकर मंदिर में स्थापित किया । इसी कारण से इस जगह का नाम राजिम पड़ा ।

प्रश्न 28 - नीचे लिखे पत्र को ध्यान से पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर पर (√) का निशान लगाओ ।

पुरानी बस्ती रायपुर
दिनांक 10.08.2020

प्रिय मित्र अभिनव,

मैं यहाँ अच्छी तरह से हूँ । आशा करता हूँ कि तुम भी अच्छी तरह से होगे । इसी वर्ष अक्टूबर माह की 06 तारीख को मेरी बहन की शादी है । जगदलपुर से तुम्हें, पवन और चाचाजी-चाचीजी को भी आना है । इन्हीं दिनों मेरे घर के पास में एक बहुत बड़ा मैदान है जहाँ प्रतिवर्ष मेला लगता है जिसमें तरह-तरह के खाने-पीने की दुकानें लगाती हैं । कई तरह के झूले आते हैं । तरह-तरह की प्रतियोगिताएँ होती हैं । पूरे 15 दिन यह मेला लगता है । खूब मजा

आता है । तुम साथ होगे तो और मजा आयेगा । मैं, तुम और पवन खूब झुला झूलेंगे और ढेर सारे खिलौने खरीदेंगे । पत्र के साथ ही शादी का कार्ड भी भेज रहा हूँ । घर में सभी बड़ों को सादर चरण स्पर्श एवं छोटों को स्नेह । शादी में तुम सब जरुर-जरुर आना ।

तुम्हारे इंतजार में ।

तुम्हारा मित्र

अनूप

प्रश्न 1 - यह पत्र किसने लिखा ?

(अ) अनूप (ब) अभिनव (स) पवन (द) चाचा

उत्तर -(अ) अनूप

प्रश्न 2 - यह पत्र कहाँ से लिखा गया ?

(अ) रायपुर से जगदलपुर (ब) जगदलपुर से रायपुर

(स) पुरानी बस्ती से रायपुर (द) रायपुर से पुरानी बस्ती

उत्तर -(स) पुरानी बस्ती से रायपुर

प्रश्न 3 - तरह-तरह का क्या अर्थ है ?

(अ) एक जैसी (ब) एक ही तरह की

(स) अलग-अलग प्रकार की (द) एक समान

उत्तर -(स) अलग-अलग प्रकार की

प्रश्न 4 - अनूप के बहन की शादी की तारीख क्या है ?

(अ) 06.10.2020 (ब) 06.08.2020

(स) 10.06.2020 (द) 10.08.2020

उत्तर -(अ) 06.10.2020

## पाठ - 17

## चल रे तुमा बाटे-बाट (छत्तीसगढ़ी)

सही विकल्प चुनव -

प्रश्न 1 - 'जल्दी' के उलटा अरथ वाला शब्द हवय -

(अ) चलव (ब) देरी (स) रुकव (द) लहुटना

उत्तर -(ब) देरी

प्रश्न 2 - 'बघवा' के हिंदी म का अरथ हवय ?

(अ) हिरन (ब) भालू (स) चिता (द) शेर

उत्तर -(द) शेर

प्रश्न 3 - 'लहुट' के हिंदी म अरथ हवय ?

(अ) वापस (ब) समझ (स) उपाय (द) जाना

उत्तर -(अ) वापस

प्रश्न 4 - 'बेटा' शब्द के स्त्रीलिंग शब्द कोन से हवय ?

(अ) बेटी (ब) टूरी (स) गुड्डी (द) टूरा

उत्तर -(अ) बेटी

प्रश्न 5 - 'ढूलत - ढूलत' शब्द के हिंदी अरथ हवय ?

(अ) लुड़कना (ब) भागना

(स) रुकना (द) थकना

उत्तर -(अ) लुड़कना

प्रश्न 6 - 'तुमा' के हिंदी म अरथ हवय ?

(अ) गोल लौकी (ब) लम्बी लौकी

(स) गोल भाटा (द)लम्बा भाटा

उत्तर -(अ) गोल लौकी

प्रश्न 7 - सही सम्बन्ध जोड़ो -

| | | |
|---|---|---|
| 1. मोटरी | - | 1. गहरी साँस |
| 2. लकर धकर | - | 2. प्रतीक्षा करना |
| 3. डोकरी | - | 3. गठरी |
| 4. ऊपर सँस्सी | - | 4. जल्दी-जल्दी |
| 5. अगोरना | - | 5. बुढ़िया |

उत्तर -1. गठरी 2. जल्दी-जल्दी 3. बुढ़िया

4. गहरी साँस 5. प्रतीक्षा करना

प्रश्न 8 - चल रे तुमा बाटे-बाट पाठ म काकर कहानी हवय ?

उत्तर -ये पाठ म एक डोकरी अउ ओकर बेटी के कहानी हवय ।

प्रश्न 9 - ये पाठ म कोन-कोन जानवर के नाँव आय हे, तुमन उँकर नाँव बताव?

उत्तर -बघवा, भलवा, चितवा

प्रश्न 10 - डोकरी के केझन बेटी राहय ?

उत्तर -डोकरी के एक झन बेटी राहय ।

प्रश्न 11 - जंगल म कोन-कोन जानवर के मांड़ा राहय ?

उत्तर -जंगल म बघवा, भलुआ अउ चितवा के मांड़ा राहय ।

प्रश्न 12 - डोकरी ल देख के कोन अब्बड़ खुश होगे ?

उत्तर -डोकरी ल देख के ओकर बेटी ह अब्बड़ खुश होगे ?

प्रश्न 13 - अपन दाई के बात ल सुन के बेटी का कहिथे ?

उत्तर - अपन दाई के बात ल सुन के बेटी कहिस-“तैं थोरको संसो-फिकर झन कर दाई ।”

प्रश्न 14 - डोकरी ल अपन बेटी घर जावत आगू म कोन मिलिस ?

उत्तर -डोकरी ल अपन बेटी घर जावत आगू म बघवा मिलिस ।

प्रश्न 15 - डोकरी ल बघवा हर काबर नइ खाईस ?

उत्तर - डोकरी हर बघवा ल बताइस के ओला बुखार धरे रिहिस अउ वोहर दुबर होगे हवय । बेटी घर जाके मोटाके आहुं त खा लेबे । ओखर गोठ ल सुनके बघवा हर ओला नइ खाईस ।

प्रश्न 16 - डोकरी काबर संसो-फिकर म रहिस हे ?

उत्तर - बेटी के घर ले जाय ले रद्दा म ओखर मोटाय के आय के रद्दा जोहत बघवा, भलुआ अउ चितवा बईठे रिहिस जेन मन ओला देख के खवईया रिहिस । एखरे संसो-फिकर म डोकरी रिहिस ।

प्रश्न 17 - डोकरी ल बघवा, भलुआ अउ चितवा ल बचाय बर ओकर बेटी हर काय उपाय बताइस ?

उत्तर - डोकरी के बेटी हर एख ठन लामे अउ चाकर तुमा लाइस अउ तीन ठन छेदा कर दिस नाक अउ आँखी बर । ओमा डोकरी हर घुसरगे अउ रद्दा म ढूलत - ढूलत जावत रिहिस अउ कहत रिहिस - चल रे तुमा बाटे-बाट ।

प्रश्न 18 - कहानी ल धियान लगाके पढ़व, अउ लिखव, ये बात ल कोन ह काकर ले केहे हे ।

(क) "कुछ उपाय बताबे त काम बन जाही बेटी ।"

उत्तर - डोकरी हर अपन बेटी ल कहिस ।

(ख) "चल रे तुमा बाटे-बाट ।"

उत्तर - बेटी ह अपन माँ ला कहिस ।

(ग) "डोकरी देखेन न फोकली चल रे तुम बाटे-बाट ।"

उत्तर - तुमा म बैइठ के चितुआ ल कहिस ।

(घ) "अवो डोकरी, मोला गजब भूख लागत हे । मैं तोला खाहूँ ।"

उत्तर - बघवा ह डोकरी ल कहिस ।

प्रश्न 19 - खालहे लिखाय वाक्य मन ल कहिन के घटनाक्रम के अनुसार जमा के लिखव ।

(क) "कुछु उपाय बताबे त काम बन जाही बेटी," डोकरी कहिस ।

(ख) "हव, हव बने काहत हस डोकरी दाई । जा, झटकुन लहुट आबे।"

(ग) डोकरी राहय तेन मुस्कावत उठगे ।

(घ) बने-बने रोटी-पीठा बना लिस अउ मोटरी म बाँध के चलते बनिस ।

(ङ) अब तुमा ह रद्दा म ढूलत-ढूलत जावत राहय ।

उत्तर - (घ) बने-बने रोटी-पीठा बना लिस अउ मोटरी म बाँध के चलते बनिस ।

(ख) "हव, हव बने काहत हस डोकरी दाई । जा, झटकुन लहुट आबे ।"

(क) "कुछु उपाय बताबे त काम बन जाही बेटी," डोकरी कहिस ।

(ड.) अब तुमा ह रद्दा म ढूलत-ढूलत जावत राहय ।

(ग) डोकरी राहय तेन मुस्कावत उठगे ।

प्रश्न 20 - 'ई' के मात्रा ले अंत होवइया पाँच ठन स्त्रीलिंग शब्द लिखव । जईसे - डोकरी ।

उत्तर -बेटी, शेरनी, हिरनी, नारी, मामी ।

प्रश्न 21 - खालहे लिखाय शब्द ले वाक्य बना के लिखव ।

मुस्कुल, रोटी-पीठा, उपाय, डोकरी, बाटे - बाट

उत्तर -मुस्कुल - डोकरी ल डर के मारे रद्दा रेंगना घलो मुस्कुल होगे ।

रोटी-पीठा - बने-बने रोटी-पीठा बना लिस अउ मोटरी म बाँध के चलते बनिस ।

उपाय - हव दाई, मँय ह तोला बनेच उपाय बताहूँ ।

डोकरी - रेंगत, बइठत, सुरतावत डोकरी अपन बेटी घर पहुँचगे ।

बाटे-बाट - डोकरी देखेन न फोकली, चल रे तुमा बाटे-बाट ।

प्रश्न 22 - खालहे लिखाय शब्द के हिंदी पर्यायवाची शब्द लिखव ।

महतारी, रद्दा, जंगल, आँखी, चूँदी, संसो

उत्तर -महतारी - माँ, माता

रद्दा - रास्ता, राह

जंगल - वन, अरण्य

आँखी - आँख, नेत्र

चूँदी - बाल, केश

संसो - चिंता, फिक्र

प्रश्न 23 - खालहे लिखाय अनुच्छेद के हिंदी म अनुवाद करव -

रेंगत, बइठत, सुरतावत डोकरी अपन बेटी घर पहुँचगे । डोकरी ल देख के ओकर बेटी अब्बड़ खुश होगे । महतारी बेटी दूनों झन दुःख-सुख गोठियाइन । बने-बने खाईन । डोकरी गजब दिन रहिगे अपन बेटी घर ।

उत्तर - चलते, बैठते, सुस्ताते हुए बुढ़िया अपनी बेटी के घर पहुँची । बुढ़िया को देखकर उनकी बेटी बहुत खुश हुई । माँ और बेटी अपने सुख-दुःख बाँटने लगे । अच्छे-अच्छे पकवान खाये । बुढ़िया अपनी बेटी के घर बहुत दिनों तक रुकी रही ।

## पाठ - 18
## पिंजरे का जीवन

सही विकल्प चुनकर लिखिए -

प्रश्न 1 - 'तलाश' शब्द का क्या अर्थ है ?

(अ) खोजना (ब) फेकना (स) बटोरना (द) रखना

उत्तर - (अ) खोजना

प्रश्न 2 - 'गगन' शब्द का पर्यायवाची शब्द क्या है ?

(अ) बादल (ब) धरती (स) आकाश (द) हवा

उत्तर - (स) आकाश

प्रश्न 3 - 'सुख' का विलोम शब्द क्या है ?

(अ) दु:ख (ब) सूखा (स) दु:खी (द) सुखी

उत्तर - (अ) दु:ख

प्रश्न 4 - पक्षियों को पकड़ कर किसमें रखा जाता है ?

(अ) कमरे में (ब) घोंसले में (स) बाड़े में (द) पिंजरे में

उत्तर -(द) पिंजरे में

प्रश्न 5 - सही जोड़ी बनाओ -

| (अ) | | (ब) |
|---|---|---|
| 1. व्यंजन | - | पक्षियों को पकड़ने एवं मारने वाला |
| 2. छिन | - | खेल |
| 3. चिड़ीमार | - | खाने की अच्छी वस्तुएँ |
| 4. भीषण | - | मनोहर |
| 5. सुहाना | - | क्षण |
| 6. क्रीड़ा | - | भयंकर |

उत्तर - 1. खाने की अच्छी वस्तुएँ 2. क्षण

3. पक्षियों को पकड़ने एवं मारने वाला 4. भयंकर

5. मनोहर 6. खेल

प्रश्न 6 - इस कविता में किस-किस पक्षी के बीच बातचीत बताई गई है ?

उत्तर - इस कविता में तोता और मैना पक्षी के बीच बातचीत बताई गई है ?

प्रश्न 7 - पक्षी के लिए पिंजरे का जीवन दु:खदाई क्यों होता है ?

उत्तर - पक्षी भी हमारे तरह स्वतंत्र रहना चाहते हैं । वे विवशता में बंधन में बँधते हैं जबकि वे मन से स्वच्छंद जीवन जीना चाहते हैं इसलिए पक्षी के लिए पिंजरे का जीवन दु:खदाई होता है ।

प्रश्न 8 - अगर तुम्हें खाने-पीने, आराम करने का सारा सामान रखकर किसी कमरे में बंद कर दिया जाये तो तुम्हें कैसा लगेगा ? अपने शब्दों में लिखो ।

उत्तर - अगर हमें खाने-पीने, आराम करने का सारा सामान रखकर किसी कमरे में बंद कर दिया जाये तो हमें बिल्कुल भी अच्छा नहीं लगेगा क्योंकि न तो मैं किसी से बात कर सकूँगा न ही बगीचे में जा सकूँगा । खुली हवा में साँस नहीं ले पाउँगा । मेरी स्वतंत्रता खत्म हो जाएगी।

प्रश्न 9 - पिंजरे के बाहर रहने वाली मैना ने पिंजरे में बंद तोते से यह क्यों कहा, 'बड़े मजे में रहते हो ।'

उत्तर - मैना यह देखती थी कि तोते को पिंजरे में तरह-तरह के व्यंजन मिलते हैं । चिड़ीमार और हिंसक वन्य जीवों से भी सुरक्षित है जबकि मैना को दो-चार अन्नकण एवं पानी के लिए भटकना पड़ता है । हर समय चिड़ीमार और हिंसक वन्य जीवों का खतरा भी बना रहता था । इसलिए पिंजरे के बाहर रहने वाली मैना ने पिंजरे में बंद तोते से यह कहा, 'बड़े मजे में रहते हो ।'

प्रश्न 10 - पिंजरे में बंद हो जाने पर मैना दु:खी क्यों रहने लगी ?

उत्तर - पिंजरे में बंद हो जाने पर मैना आकाश में ऊँचे उड़ने को फड़फड़ाने लगी । उसकी स्वतंत्रता खत्म हो गई थी इसलिए पिंजरे में बंद हो जाने पर मैना दु:खी रहने लगी।

प्रश्न 11 - हिंसक जीव-जंतु कौन-कौन से हैं ?

उत्तर - शेर, भालू, चीता ।

प्रश्न 12 - अपने आस-पास पाए जाने वाले दस पक्षियों के नाम लिखो ।

उत्तर - 1. गौरेया 2. कौआ 3. बतख 4. चील 5. बया 6.मुर्गा
7. तोता 8. कबूतर 9. मोर 10. उल्लू

प्रश्न 13 - नीचे लिखे शब्दों की समान ध्वनि वाले दो-दो शब्द लिखो ।

1. तोता 2. जंगल

उत्तर - 1. तोता - होता, सोता

2. जंगल - मंगल, दंगल

प्रश्न 14 - व, म, न, र. क वर्णों में से दो-दो वर्णों के शब्द बनाकर लिखो ।

उत्तर - वन, वक, वर

मन, मर

नर, नम

रम, रण

कम, कर

प्रश्न 15 - दिए गए शब्दों में से शब्द और उनके पर्यायवाची शब्द अलग-अलग करके लिखो ।

जंगल, आकाश, दिन, जल, गंगा, दिवस, नीर, नभ, कानन, दिवा, वन, सुरसरी, पानी, भागीरथी, गगन

उत्तर - (1) जंगल - वन, कानन (2) आकाश - नभ, गगन

(3) दिन - दिवस, दिवा (4) जल - नीर, पानी

(5) गंगा - सुरसरी, भागीरथी

प्रश्न 16 - इस कविता को कहानी के रूप में लिखो ।

उत्तर - एक तोता था । एक मैना थी । तोता पिंजरे में रहता था । मैना छत पर रहती थी। एक दिन छत पर बैठी मैना ने पिंजरे में रहने वाले तोते से पूछा - "बोलो ! यह सत्य है कि तुम बड़े मजे में रहते हो ।" तुम्हें बैठे ही बैठे तरह-तरह के व्यंजन मिल जाते हैं । काश ! मुझे भी तुम्हारी तरह पिंजरे का जीवन मिल जाता । मुझे तो भोजन और पानी की तलाश में दिनभर भटकना पड़ता है तब जाकर दो-चार अन्न के कण मिल पाते हैं । उस पर भी हरदम चिड़ीमार का डर मन में लगा रहता है । जंगल में हिंसक जीव-जन्तुओं का भीषण खतरा रहता है ।

मैना की बातों को सुनकर पिंजरे का तोता बोला - "तुम यदि यह सोचती हो कि पिंजरे में सुख से रहना है तो तुम मुझे बाहर निकाल दो और खुद अन्दर आ जाओ । मैं वन में चला जाऊँगा । तुम पिंजरे के सुख का आनंद लेना । मैं जंगल की पीड़ा (दर्द) को सहन कर लूँगा । तुम पिंजरे में बड़े मजे से रहना और दिन-रात खेल करती रहना ।

तोता की बात सुनकर मैना ने पिंजरे का दरवाजा खोल दिया । थोड़ी ही देर में मैना पिंजरे के अन्दर थी और तोता गगन में उड़ गया लेकिन चार दिनों बाद ही वह मैना का मन आकाश में ऊँचे उड़ने के लिए फड़फड़ाने लगा । उसे तरह-तरह के व्यंजन में से कोई भी व्यंजन अच्छा नहीं लगता था । न उसे आराम करना सुहाता था और न ही पिंजरे का जीवन ।

## पाठ - 19

## हाय मेरी चारपाई

सही विकल्प चुनकर लिखिए -

प्रश्न 1 - 'हाय मेरी चारपाई' में कौन-से त्यौहार के बारे में बताया है ?

(अ) दीपावली (ब) रक्षा बंधन (स) छेरछेरा (द) होली

उत्तर - (द) होली

प्रश्न 2 - 'हुड़दंग' शब्द का क्या अर्थ है ?

(अ) आश्चर्य (ब) उपद्रव (स) शांति (द) हल्ला

उत्तर - (ब) उपद्रव

प्रश्न 3 - 'आरम्भ' का विलोम शब्द है ?

(अ) शुरू (ब) अंत (स) मध्य (द) पूरा

उत्तर - (ब) अंत

प्रश्न 4 - सही सम्बन्ध जोड़ो ।

| (अ) | | (ब) |
|---|---|---|
| 1. होली दहन | - | पीपा |
| 2. हुड़दंग | - | अनबन होना |
| 3. थिरकन | - | उपद्रव |
| 4. कनस्तर | - | होली जलना/जलाना |
| 5. खटकना | - | ठुमुक-ठुमुक कर चलना |

उत्तर - 1. होली जलना/जलाना

2. उपद्रव

3. ठुमुक-ठुमुक कर चलना

4. पीपा

5. अनबन होना

प्रश्न 5 - होली के झाड़ को पहाड़ जैसा ऊँचा बनाने के लिए बच्चों को क्या करना पड़ा ?

उत्तर - होली के झाड़ को पहाड़ जैसा ऊँचा बनाने के लिए बच्चों ने मोहल्ले के पीछे की पहाड़ी से कुछ सुखी लकड़ियाँ काट कर ले आये । मास्टर रतिलाल और पंडित गंगा प्रसाद की चारपाई, मन्ने साव का फाटक, हरिचंद चुनेवाले की सीढ़ी और स्वयं लेखक की चारपाई होली के झाड़ को पहाड़ जैसा ऊँचा बनाने के लिए ले आए ।

प्रश्न 6 - होली के लिए कहाँ - कहाँ से सामान लाया गया ?

उत्तर - होली के लिए मोहल्ले के आस-पास से, मोहल्ले के पीछे की पहाड़ी से, मोहल्ले के कुछ लोगों जैसे - मास्टर रतिलाल, पंडित गंगा प्रसाद, मन्ने साव, हरिचंद चूनेवाला, मण्डली नायक के यहाँ से होली के लिए सामान लाया गया ।

प्रश्न 7 - होली के लिए सामान उठाने के लिए किन लोगों का विशेष ध्यान रखा गया?

उत्तर - होली के लिए सामान उठाने में मोहल्ले के खूसट और गुस्सैल लोग, जिन्होनें बच्चों को सालभर सताया था, का विशेष ध्यान रखा गया ।

प्रश्न 8 - होली कैसा त्यौहार है ?

उत्तर - होली बुराई पर अच्छाई की विजय का त्यौहार है ।

प्रश्न 9 - होली त्यौहार का महत्व कम क्यों होता जा रहा है ?

उत्तर - हँसी-खुशी के वातावरण में त्यौहार मनाने की जगह लोगों का परस्पर एक-दूसरे पर कीचड़ डालना, गालियाँ देना, चोरी के सामान से होली का झाड़ भरना आदि कार्यों से होली त्यौहार का महत्त्व कम होता जा रहा है ।

प्रश्न 10 - कहानी के नायक को होली दहन की रात फर्श पर ही दरी बिछाकर क्यों सोना पड़ा ?

उत्तर - नायक के सुझाव के अनुसार बिल्लू नायक के घर से उसकी चारपाई को होली की झाड़ का पहाड़ बनाने के लिए ले जाने के कारण कहानी के नायक को होली दहन की रात फर्श पर ही दरी बिछाकर सोना पड़ा ।

प्रश्न 11 - माँ और पिता के चहरे पर गुस्से और परेशानी के भाव क्यों थे ?

उत्तर - होली के नायक की चारपाई घर में कहीं नहीं मिलने के कारण माँ और पिता के चहरे पर गुस्से और परेशानी के भाव थे ।

प्रश्न 12 - बच्चों की टोली ने लोगों के घरों से होली जलाने के लिए जो सामान उठाया, क्या तुम्हारी दृष्टि में यह काम उचित था ? क्यों ?

उत्तर - बच्चों की टोली ने लोगों के घरों से होली जलाने के लिए जो सामान उठाया, मेरी दृष्टि में यह काम उचित नहीं था क्योंकि होली का त्यौहार बुराई पर अच्छाई की विजय का त्यौहार है । किसी को परेशान करना, नुकसान पहुँचाना अच्छी बात नहीं हैं ।

प्रश्न 13 - होली पर लोग हुड़दंग मचाते हैं , दूसरों को परेशान भी करते हैं । तुमने किस तरह से होली मनाई ? क्या तुम हुड़दंग मचाना उचित समझते हो ?

उत्तर - मैंने होली अपने परिवार, मित्रों के साथ मनाई । होली दहन में कुछ सुखी लकड़ियाँ, गोबर के कंडे, कुछ बेकार चीजों को जलाया । माँ ने जलाने से पहले होली के झाड़ की पूजा की फिर होली दहन किया । सबको प्राकृतिक रूप से बना गुलाल लगाया फिर दूसरे दिन मैंने अपने भाई-बहनों एवं मित्रों के साथ घर में बनाए रंग से एक-दूसरे को खूब रंगा । अंत में माँ पकवानों से भरा थाल लेकर आईं और हमने खूब मिठाई खायी । मैं हुड़दंग मचाना सही नहीं समझती हूँ ।

प्रश्न 14 - दु:ख और शोक की अवस्था में लोगों के मुँह से 'हाय' शब्द निकलता है । इसी प्रकार निम्नलिखित अवसरों पर हमारे मुँह से कौन-कौन से शब्द निकलते हैं ?

प्रशन्नता में / आश्चर्य में / उत्साह में / चिंता में

उत्तर - **प्रशन्नता में -** अहा ! , वाह-वाह ! , बहुत अच्छा ! , क्या खूब , क्या कहने

**आश्चर्य में -** अरे ! , ओहो !, ऐ !, हैं ! , क्या ! , ओह ! , सच !

**उत्साह में -** शाबास ! , वाह ! , बहुत सुन्दर !

**चिंता में -** आह !, हे राम ! , बाप रे !

प्रश्न 15 - नीचे दिए मुहावरों के अर्थ लिखो और वाक्यों में प्रयोग करो ?

(अ) काटो तो खून नहीं (ब) रंग फीका पड़ जाना

(स) राई का पहाड़ बन जाना (द) भेंट चढ़ा देना

उत्तर - (अ) काटो तो खून नहीं = स्तब्ध रह जाना

वाक्य में प्रयोग - उसे काटो तो खून नहीं, अचानक मैडम जो आ गई।

(ब) रंग फीका पड़ जाना = रौनक कम हो जाना ।

वाक्य में प्रयोग - मंहगाई के कारण त्यौहर का रंग फीका पड़ गया ।

(स) राई का पहाड़ बन जाना = छोटी सी बात को बड़ा बताना ।

वाक्य में प्रयोग - रामू हर बात को राई का पहाड़ बना देता है ।

(द) भेंट चढ़ा देना = अर्पित करना ।

वाक्य में प्रयोग - होलिका दहन में लोगों ने नायक की चारपाई भेंट चढ़ा दी ।

प्रश्न 16 - नीचे दिए गए शब्दों/शब्द समूहों का अपने वाक्यों में प्रयोग करो ।

मौज-मस्ती, आस-पास, डरते-डरते, देखते ही देखते, मंडली, परेशान, शरारत, चौंक कर, नेतृत्व

उत्तर - मौज-मस्ती - होली मौज-मस्ती का त्यौहार है ।

आस-पास - बिल्ली आस-पास है ।

डरते-डरते - मैंने <u>डरते-डरते</u> आपसे प्रश्न पूछा ।

देखते ही देखते - <u>देखते ही देखते</u> सारे कागज जल गए ।

मंडली - मैं भी राम <u>मंडली</u> में शामिल हूँ ।

परेशान - तुमने मुझे बहुत <u>परेशान</u> किया ।

शरारत - रामू का बेटा बहुत <u>शरारत</u> करता है ।

चौंककर - मैंने <u>चौंककर</u> बाहर देखा ।

नेतृत्व - मैं अपनी टुकड़ी का <u>नेतृत्व</u> कर रहा था ।

प्रश्न 17 - नीचे लिखे वाक्यों को सही करके पुन: लिखो ?

(अ) रिमझिम-रिमझिम पानी की बूंद बरस रहा है ।

उत्तर - रिमझिम-रिमझिम पानी की बूंदें बरस रही हैं ।

(ब) हर टुकड़ा में तीन-चार लड़के था ।

उत्तर - हर टुकडे में तीन-चार लड़के थे ।

(स) हर वर्ष का तरह होली आया ।

उत्तर - हर वर्ष की तरह होली आया ।

(द) लड़कियाँ हँस रहे हैं ।

उत्तर - लड़कियाँ हँस रही हैं ।

प्रश्न 18 - 'ने' और 'को' का प्रयोग करते हुए वाक्य बनाकर लिखिए ?

उत्तर - (अ) राम ने मोहन को बुलाया ।

(ब) सोहन को बाज़ार जाना था ।

प्रश्न 19 - 'हाय मेरी चारपाई' पाठ में किस त्यौहार में घटी हुई घटना को बताया गया है ?

(अ) दीपावली (ब) छेरछेरा (स) होली (द) ईद

उत्तर - (स) होली

प्रश्न 20 - 'हुड़दंग का <u>रंग फीका पड़ गया</u>' वाक्य में रेखांकित शब्द क्या हैं ?

(अ) मुहावरा (ब) संज्ञा (स) लोकोक्ति (द) सर्वनाम

उत्तर - (अ) मुहावरा

प्रश्न 21 - नीचे दिए शब्दों में से स्त्रीलिंग शब्द कौन-सा है ?

(अ) होली (ब) घुंघरु

(स) पीपल (द) कौआ

उत्तर - (अ) होली

प्रश्न 22 - निचे दिए गए शब्दों में से स्त्रीलिंग शब्द कौन-सा है ?

घुंघरू, भैंस, बोतल, पोशाक, हिरण, वेदना, घटना, पीपल, घी, सुपारी, चपाती, दांत, अरहर, होली, रंग, कनस्तर, झाड़ी, मण्डली

उत्तर - **स्त्रीलिंग शब्द -** पोशाक, वेदना, घटना, सुपारी, चपाती, अरहर, होली, झाड़ी, मण्डली

**पुल्लिंग शब्द -** घुंघरू, भैंस, बोतल, हिरण, पीपल, घी, दांत, रंग, कनस्तर

प्रश्न 23 - होली शांति और सद्भावना के साथ मनाया जाने वाला एक पवित्र त्यौहार है । इस दिन लोगों को कीचड़ लगाना, गाली-गलौच करना, देर रात तक नगाड़े बजाकर बुजुर्गों और बच्चों को परेशान करना क्या ठीक है ? अब की बार तुम अपने मोहल्ले में होली का त्यौहार किस तरह शालीनता से मनाओगे, आठ वाक्य में लिखो ?

उत्तर -

1. होली पहाड़ बनाने के लिए गोबर कंडे, पुराना, बेकार सामान, बेकार सुखी पड़ी लकड़ी का प्रयोग करेंगे ।
2. होलिका दहन अपने बड़ों की निगरानी में करेंगे ।
3. माँ की हाथों की बनी मिठाई खाएँगे ।
4. ऐसे रंगों और गुलालों का प्रयोग करेंगे जो प्राकृतिक रंगों से बने हो ।
5. ऊँच-नीच की भावना को भुलाकर अपने सभी मित्रों/सहेलियों के साथ पिचकारियों से रंग खेलेंगे ।

6. रंगों का ज्यादा प्रयोग नहीं करेंगे ।

7. अपनों से बड़ों का पैर छूकर गुलाल लगाएँगे ।

8. कीचड़ लगाने वाले, गाली-गलौच करने वालों को समझाएँगे कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय का पर्व है इसे शांति और सद्भावना के साथ मनाना चाहिए ।

प्रश्न 24 - निम्न बिन्दुओं के आधार पर होली त्यौहार का वर्णन करो ।

(अ) कब मनाया जाता है ?

(ब) क्यों मनाया जाता है ?

(स) कैसे मनाया जाता है ?

(द) होली त्यौहार का क्या महत्त्व है ?

(इ) होली त्यौहार मनाते समय क्या-क्या सावधानियाँ बरतनी चाहिए ।

उत्तर (अ) - होली का त्यौहार फागुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है ।

उत्तर (ब) - यह त्यौहार भक्त प्रहलाद की कहानी से जुड़ा है । प्रहलाद की बुआ होलिका, जिसे यह वरदान था की वह आग में नहीं जल सकती, उसे लेकर आग में प्रवेश कर जाती है । होलिका जल जाती है और प्रहलाद बच जाता है । भक्त प्रहलाद की याद में यह त्यौहार मनाया जाता है ।

उत्तर (स) -फाल्गुन मास की पूर्णिमा को होलिका दहन किया जाता है । दूसरे दिन सभी लोग गले मिलते हैं और आपस में गुलाल लगाते हैं, रंग डालते हैं, पकवान खाते हैं । पिचकारी पर एक दूसरे पर रंग डालते हैं ।

उत्तर (द) - होलिका दहन में बेकार की चीजें जल जाती हैं । आग जलने से आस-पास के हानिकारक जीव मर जाते हैं । प्राकृतिक रंग हमारी त्वचा को फायदा पहुँचाते हैं । जैसे - (टेसू (पलाश) के फूल से बनाया गया रंग) यह बुराई पर अच्छाई का पर्व है ।

उत्तर (इ) - 1. रंगों के स्थान पर कीचड़ का प्रयोग नहीं करना चाहिए ।

2. देर रात तक नगाड़ा बजाकर बुजुर्गों, बच्चों को परेशान नहीं करना चाहिए ।

3. रंग से भरे गुब्बारे नहीं फेंकना चाहिए ।

4. यदि कोई रंग नहीं खेलना चाहता तो उस पर रंग नहीं डालना चाहिए ।

प्रश्न 25 - गत्ते/कागज से होली में पहनने वाले झालरदार टोपी और मुखौटा बनाइए ।

उत्तर - बच्चे स्वयं करेंगे ।

## पाठ - 20

## अमीर खुसरो की पहेलियाँ

सही विकल्प चुनकर लिखिए -

प्रश्न 1 - पहेली में कौन-सी चीज लाल रंग की थी ?

(अ) छतरी (ब) पतंग (स) आकाश (द) चक्की

उत्तर - (ब) पतंग

प्रश्न 2 - दी गई किस पहेली का उत्तर 'नाला' है ?

(अ) एक थाल मोती भरा, सबके सर पर औंधा धरा ।

(ब) बीसों के सिर काट लिया, ना मारा ना खून किया ।

(स) धूम-धुमेला लहँगा पहिने, एक पाँव से रहे खड़ी ।

(द) सावन-भादों खूब चलत हैं, माघ-पूस में थोरी ।

उत्तर - (द) सावन-भादों खूब चलत हैं, माघ-पूस में थोरी ।

प्रश्न 3 - जूमे-जूमेला लहँगा पहिने किसके लिए कहा है ?

(अ) जाता (ब) छाता (स) नाव (द) पतंग

उत्तर - (ब) छाता

प्रश्न 4 - "जल-जल चलती बस्ती गाँव" इसमें किस शब्द की पुनरावृति हुई है ?

(अ) जल (ब) बसती (स) चलती (द) गाँव

उत्तर - (अ) जल

प्रश्न 5 - 'अमीर खुसरो की पहेलियाँ' पाठ में हम क्या पढ़ते हैं ?

(अ) कहानियाँ (ब) नाटक (स) पहेलियाँ (द) कविताएँ

उत्तर - (स) पहेलियाँ

प्रश्न 6 - बिना परों के कौन उड़ गया ?

(अ) नाव (ब) छतरी (स) पतंग (द) तारे

उत्तर - (ब) छतरी

प्रश्न 7 - धूपों से वह पैदा होवे, छाँव देख मुरझाए ।

एरी सखी मैं तुमसे पूछूँ, हवा लगे मर जाए ॥

(अ) पतंग (ब) काजल (स) पसीना (द) नाखून

उत्तर - (स) पसीना

प्रश्न 8 - काजल किसमें लगाया जाता है ?

(अ) गाल पर (ब) नाक में (स) माथे पर (द) आँखों में

उत्तर - (द) आँखों में

प्रश्न 9 - हमारे हाथ-पैर में कुल कितने नाखून हैं ?

(अ) पाँच (ब) दस (स) पंद्रह (द) बीस

उत्तर - (द) बीस

प्रश्न 10 - हम छाता कब ओढ़ते हैं ?

(अ) ठण्ड लगने पर (ब) पानी गिरने पर

(स) हवा चलने पर (द) गर्मी लगने पर

उत्तर - (ब) पानी गिरने पर

प्रश्न 11 - गेंहू किसमें पीसा जाता है ?

(अ) चक्की (ब) सिल-लोढ़ा (स) हसिया (द) पत्थर

उत्तर - (अ) चक्की

प्रश्न 12 - नाव कहाँ चलती है ?

(अ) नदी में (ब) सड़क पर (स) हवा में (द) पहाड़ पर

उत्तर - (अ) नदी में

प्रश्न 13 - सही जोड़ी बनाओ ।

1. दीठा - पुत्र
2. वाका - नाम, नाव
3. सूत - देखना
4. पूत - उसका
5. नाँव - धागा

उत्तर - 1. दीठा - देखना

2. वाका - उसका

3. सूत - धागा

4. पूत - पुत्र

5. नाँव - नाम, नाव

प्रश्न 14 - चक्की के कितने पाट होते हैं ?

उत्तर - चक्की के दो पाट होते हैं ।

प्रश्न 15 - मोरी (नाली) पूस-माघ के महीनों में धीमी और कम क्यों चलती है ?

उत्तर - पूस-माघ के महीनों में पानी गिरना बंद हो जाता है, इसलिए इन महीनों में मोरी धीमी और कम चलती है

प्रश्न 16 - छतरी के कितने पाँव और कितने हाथ होते हैं ?

उत्तर - छतरी के 1 पाँव और 8 हाथ होते हैं ।

प्रश्न 17 - वह कौन-सा थाल है जो मोतियों से भरा होता है ?

उत्तर - आसमान वह थाल है जो मोतियों से भरा होता है ।

प्रश्न 18 - आदि कटे तो सबको पाले, मध्य कटे तो सबको मारे ।
अंत कटे से सबको मीठा, खुसरो वाको आँखों दीठा ॥
इस पहेली को समझाओ ।

उत्तर - यदि आरम्भ कट जाये तो सबको पाले यानी जल
यदि मध्य कटे तो सबको मारे यानि काल
यदि अंत कटे तो सबको मीठा लगता यानि काज

उत्तर - इस पहेली का अर्थ है - काजल ।

प्रश्न 19 - 'सूरत उसकी लगे परी' इस पहेली में परी के समान सूरत की बात कही गई है । सोचकर लिखो कि परी की सूरत में क्या खास बात रहती है ?

उत्तर - परी सुन्दर होती है । उसी प्रकार छतरी भी सुन्दर लगती है ।

प्रश्न 20 - अमीर खुसरो की ऐसी और पहेलियाँ एकत्रित करो जो तुम्हारे पाठ में न आई हों।

उत्तर - बच्चे स्वयं करेंगे ।

प्रश्न 21 - अमीर खुसरो के बारे में दस वाक्य लिखो ।

उत्तर - बच्चे स्वयं करेंगे ।

## पाठ - 21

## बगरे हे चंदा अँजोर (छत्तीसगढ़ी)

सही विकल्प चुनके लिखव -

प्रश्न 1 - 'लईकुसहा अंतस ले' एखर आगू पंक्ति का होही ?

(अ) लामे हे मया के डोर (ब) बगरे हे चंदा अँजोर

(स) हाँस-हाँस खेलत है (द) पुरवाही ह पेलत हे

उत्तर - (अ) लामे हे मया के डोर

प्रश्न 2 - रूख-राई के हिंदी म अर्थ हवय -

(अ) पेड़ (ब) पौधा (स) झाड़ी (द) पेड़-पौधे

उत्तर - (द) पेड़-पौधे

प्रश्न 3 - 'बगरे हे चंदा अँजोर' कविता कोन भाषा म लिखे गे हे ?

उत्तर - 'बगरे हे चंदा अँजोर' कविता छत्तीसगढ़ी भाषा म लिखे गे हे ।

प्रश्न 4 - 'बगरे हे चंदा अँजोर' कविता म काकर सुघरई के बरनन हे ?

उत्तर -'बगरे हे चंदा अँजोर' कविता म चंदा के उजरई सुघरई के बरनन हे ।

प्रश्न 5 - मलगी काला कहिथे ?

उत्तर - मलगी डोंगा ल कहिथे ।

प्रश्न 6 - चंदा के अँजोर कोन-कोन ठउर म बगरे हे ?

उत्तर - चंदा के अँजोर घर-दुवार, खेत-खार अउ रुख-राई म बगरे हे ।

प्रश्न 7 - तरिया के पार म कोन गोहार पारत हे ?

उत्तर - तरिया के पार म लईका मन गोहार पारत हे ।

प्रश्न 8 - मया के डोर कहाँ ले लामे हे ?

उत्तर - मया के डोर लईकुसहा अंतस ले लामे हे ।

प्रश्न 9 - दुधमुंहा के दांत कस का ह लागत हे ?

उत्तर - तरिया के लहरा हर दुधमुंहा दांत कस लागत हे ।

प्रश्न 10 - खोखमा कहाँ फूलथे ?

उत्तर - खोखमा केवट के तरिया म फूलथे ।

प्रश्न 11 - पुरइन पान ह का असन लागत हे ?

उत्तर - पुरइन पान हर थारी म तसमई अस छिछले जइसने लगत हे ।

प्रश्न 12 - चंदा के अँजोर ह परछी म काकर ऊपर बगरे हे ?

उत्तर - चंदा के अँजोर ह परछी म राखे जाँता अउ मुठिया ऊपर बगरे हे ।

प्रश्न 13 - खालहे लिखाय कविता के अरथ हिंदी म लिखव ।

(क) तरिया के पार-पार,
लइका पारे गोहार ।
चंदैनी सुरतावत हे
पानी म पाँव बोर ।।
बगरे हे चंदा अँजोर ।

उत्तर - तालाब के ऊपर बच्चे आवाज लगा रहे हैं । चाँदनी रात में पानी में पाँव डुबोकर आराम कर रहे हैं और चाँद का उजाला फैला हुआ है ।

(ख) बोइरझरी झाऊ म,
परछी, जाँता पाऊ म ।
मड़ियावत हे मुच-मुच,
रेंगत संगी अगोर ।।
बगरे हे चंदा अँजोर ।

उत्तर - बेर के झुरमुट में आँगन में जाँता और मुठिया में, घुटनों के बल मंद-मंद मुस्कुराता हुआ चल रहा है और अपने साथी का इंतजार कर रहा है । चाँद का उजाला फैला हुआ है ।

प्रश्न 14 - कविता ल पूरा करव ।

(क) गीत गावत लहर म

उत्तर -बरछा बारी बहरा म

(ख) ..........................

पुरवाही ह पेलत हे ।

उत्तर -हाँस-हाँस खेलत हे ।

(ग) केवट के मलगी म

..........................

उत्तर -खोखमा के फुलगी म ।

(घ) .........................

परछी जाँता पाऊ म ।

उत्तर -बोइर झरी झाऊ म

प्रश्न 15 - खालहे लिखाय शब्द के अरथ लिखव ।

दुवार, बरछा, पुरवाही, तरिया, खीर, मड़ियाना, अँजोर, बारी, लईकुसहा, दुधमुँहा, थारी, छछले, परछी, अगोरना ।

उत्तर -

| | |
|---|---|
| दुवार = फइरका, | बरछा = कुसियार के खेत, |
| पुरवाही = उती डाहर के हवा, | तरिया = तरइया, |
| खीर = तस्मई, | मड़ियाना = माड़ी के भार चलना, |
| अँजोर = उजियारा, उजास, | बारी = बखरी, |
| लईकुसहा = लइका, लइकई | दुधमुँहा = दूध पियत लइका, |
| थारी = चंदाही, | छछले = बगरे, |
| परछी = बरबट, | अगोरना = संग रेंगे बर रद्दा जोहना |

प्रश्न 16 - खालहे लिखाय शब्द के हिंदी म अरथ लिखव ।

रुख राई , पार, बहरा, डोर, पेलत हे, खार, डार, गोहार, मया, खोखमा, पाऊ, मुच-मुच, खार

उत्तर -

रुख राई = पेड़-पौधे  पार = बंधान

बहरा = खेत जिसमें हमेशा पानी का बहाव बना रहता है

डोर = मोटी रस्सी  पेलत हे = ढकेल रहा है

डार = डंगाली  गोहार = पुकार

| | |
|---|---|
| मया = प्रेम | खोखमा = कुमुदनी |
| पाऊ = जाँता के मुठिया | मुच-मुच = दबी हुई हँसी |
| खार = खेतों का समूह | |

प्रश्न 17 - जोड़ी बनावव -

1. केंवट - पाऊ
2. खोखमा - खीर
3. जाँता - मलगी
4. चंदा - पानी
5. थारी - अँजोर

उत्तर - 1. मलगी 2. पानी 3. पाऊ 4. अँजोर 5. खीर

प्रश्न 18 - खालहे लिखाय शब्द के विरोधी छत्तीसगढ़ी शब्द लिखव ।

अँजोर, पाँव, पानी, धरती, अमरित

उत्तर - अँजोर = अंधियार पाँव = हाथ पानी = आग

धरती = आसमान अमरित = विस

## पाठ - 22

## किताबें

सही विकल्प चुनकर लिखिए -

प्रश्न 1 - चिड़ियों की आवाज को क्या कहते हैं ?

(अ) चिल्लाहट (ब) बसाहट (स) सुगबुगाहट (द) चहचहाहट

उत्तर - (द) चहचहाहट

प्रश्न 2 - 'किताब' का समानार्थी शब्द है -

(अ) पुस्तक (ब) कॉपी (स) डायरी (द) निबंध

उत्तर - (अ) पुस्तक

प्रश्न 3 - हमारा सबसे सच्चा मित्र कौन है -

(अ) फूल (ब) चिड़िया (स) मनुष्य (द) किताब

उत्तर - (द) किताब

प्रश्न 4 - 'साइंस' शब्द का क्या अर्थ है ?

(अ) गणित (ब) विज्ञान

(स) सामाजिक विज्ञान (द) अंग्रेजी

उत्तर - (ब) विज्ञान

प्रश्न 5 - किताबें पढ़ने से क्या लाभ है ?

उत्तर -(अ) किताबें हमें बीते ज़माने की जानकारी देती है ।

(ब) किताबों से हमें दुनिया और मनुष्य के आज और कल की जानकारी मिलती है ।

(स) किताबों से हम फूल, पक्षियों, खेती के बारे में जान सकते हैं ।

(द) ज्ञान-विज्ञान की बातें भी हमें किताबों से ही पता चलती है ।

प्रश्न 6 - 'किताबें तुम्हारे पास रहना चाहती है' कवि ने ऐसा क्यों कहा ?

उत्तर - किताबों से हमें हर प्रकार की जानकारी मिलती है इसलिए कवि ने 'किताबें तुम्हारे पास रहना चाहती है' ऐसा कहा ।

प्रश्न 8 - कवि ने किताबों के संसार को बड़ा क्यों बताया ?

उत्तर - क्योंकि किताबों से हमें दुनिया भर की जानकारी मिलती है इसलिए कवि ने किताबों के संसार को बड़ा बताया ।

प्रश्न 9 - तुम किताबों के संसार में जाना चाहोगे या नहीं । कारण बताते हुए इस प्रश्न का उत्तर लिखो ।

उत्तर - हाँ, मैं किताबों के संसार में जाना चाहूँगा क्योंकि किताबों से मैं फूल, चिड़िया, खेती, प्यार, जीत, हार, पारी, झरना, विज्ञान, रॉकेट आदि सभी के बारे में जान पाऊँगा ।

प्रश्न 10 - तुमने कुछ किताबें अवश्य पढ़ी होंगी । उनमें से तुम्हें सबसे अच्छी किताब कौन - सी लगी ? उस किताब की कुछ अच्छी बातें लिखो ।

उत्तर - मैंने चम्पक, नंदन, चकमक आदि पुस्तकें पढ़ीं हैं । इनमें से मुझे चम्पक अच्छी लगी है । इसकी कुछ अच्छी बातें -

1. सामने वाला पन्ना पर बने चित्र बहुत अच्छे लगते हैं ।
2. छिपे चित्र ढूँढे इसमें बड़ा मजा आता है ।
3. देखो हँस न देना पढ़कर खूब हँसी आती है ।
4. अंतर बताओ भी अच्छा लगता है ।
5. बिंदु मिलाओ, रंग भरो मुझे अच्छा लगता है ।
6. कहानियाँ बहुत मजेदार होती है ।
7. जानवर भी इंसानों की तरह होते हैं ।

प्रश्न 11 - नीचे लिखे पंक्तियों को पूरा करो ।

(अ) किताबों में चिड़ियाँ ..................

(ब) किताबों में ज्ञान ........................

(स) किताबें कुछ .............................

(द) किताबों में साइंस ......................

उत्तर - (अ) चहचहाती है ।    (ब) का भंडार है ।

(स) कहना चाहती है ।    (द) की आवाज है ।

प्रश्न 12 - तुम अपनी किताबों में कैसी बातें पढ़ना पसंद करोगे ? क्या वे बातें तुम्हारी किताबों में हैं । उदाहरण देकर लिखो ।

उत्तर - मेरी किताबों की वे बातें जो मैं पढ़ना पसंद करूँगा / करूँगी -

1. उसमें सामान्य ज्ञान के प्रश्न हों ।
2. चित्रकथा हो ।
3. साहसी कहानियाँ हों ।
4. पन्ने अच्छे हों ।
5. चित्र अच्छे बने हों ।
6. भाषा सरल होनी चाहिए ।
7. हम भी अपनी बात को भेज सकें ।

हाँ, मेरी किताब में ये सभी बातें हैं ।

प्रश्न 13 - इन शब्दों की जोड़ियाँ बनाओ ।

(अ) चिड़िया - लहलहाते हैं

(ब) खेत - सुनाते हैं

(स) झरने - चहचहाती हैं

(द) किस्से - गुनगुनाते हैं

उत्तर - (अ) चहचहाती हैं (ब) लहलहाते हैं (स) गुनगुनाते हैं (द) सुनाते हैं

प्रश्न 14 - रिक्त स्थानों में सही शब्द सोचकर लिखो ।

जैसे - किताबों के पन्ने

(1) पेड़ों के .....................    (2) आकाश के ....................

(3) वर्षा की ..................    (4) फूलों की .......................

(5) सागर की .................    (6) हिमालय की ..................

(7) चिड़ियों की ..............

उत्तर - (1) पत्ते (2) सितारे (3) बूँदें (4) खुशबू
(5) लहरें (6) चोटियाँ (7) चहचहाहट

प्रश्न 15 - निम्नलिखित विदेशी शब्दों का हिंदी शब्दों के साथ सही जोड़ियाँ मिलाओ ।

1. किताबें - रहस्य
2. ज़माना - प्रसन्नता
3. राज़ - दु:ख
4. खुशी - पुस्तकें
5. गम - कथा
6. किस्सा - युग

उत्तर - 1. पुस्तकें 2. युग 3. रहस्य 4. प्रसन्नता
5. दु:ख 6. कथा

प्रश्न 16 - निम्नलिखित समान उच्चारण वाले शब्दों को पढ़ें और वैसे ही दो-दो शब्द लिखो ।

1. मार, हार ............ , ............ 2. जीत, मीत ............ , ............
3. कल, पल ........... , ............. 4.झरना,भरना ........... , ............

उत्तर -1. जार, तार 2. पीत, सीत 3. जल, नल 4. करना,मरना

प्रश्न 17 - 'हार' शब्द के अक्षरों को अगर हम उलट दे तो 'रहा' शब्द बनता है जो सार्थक शब्द है । ऐसे चार शब्द (दो-दो अक्षर वाले) सोचकर लिखो जिनके अक्षर अगर उलटकर रखे जाएँ तो वे सार्थक शब्द बनेगें -

(अ) लाज (ब) तन (स) कश (द) तर

उत्तर - (अ) लाज - जला (ब) तन - नत (स) कश - शक (द) तर - रत

प्रश्न 18 - किताब के बारे में आठ वाक्य लिखो ?

उत्तर -1. किताबें हमारी सबसे गहरी मित्र हैं ।

2. किताबें ज्ञान का प्रसार (फैलाती) हैं ।

3. किताबें बिना किसी भेद-भाव के सभी तक ज्ञान पहुँचाती है ।

4. किताबों से हमें पुरानी बातों की जानकारियाँ मिलती है ।

5. किसी देश के उत्थान-पतन की जानकारी भी हमें किताबों से मिलती है ।

6. किताबें हमारे जीवन को बदल सकती है ।

7. किताबें हमें प्रगति-पथ पर बढ़ने को प्रोत्साहित करती है ।

8. किताबें हमें प्रकृति के बारे में बताती है ।

## पाठ - 23

## डॉ. जगदीश चन्द्र बोस

सही विकल्प चुनकर लिखिए -

प्रश्न 1 - छुईमुई पौधे की क्या विशेषता है ?

(अ) इसकी पत्तियाँ हाथ लगते ही सिकुड़ जाती है ।

(ब) इसकी पत्तियाँ हाथ लगते ही फैल जाती है ।

(स) इसकी पत्तियाँ हाथ लगते ही गिरने लगती है ।

(द) इसकी पत्तियाँ हाथ लगते ही टूटने लगती है ।

उत्तर - (अ) इसकी पत्तियाँ हाथ लगते ही सिकुड़ जाती है ।

प्रश्न 2 - फ्रांस की राजधानी कौन-सी है ?

(अ) दिल्ली (ब) ढाका (स) पेरिस (द) लन्दन

उत्तर - (स) पेरिस

प्रश्न 3 - जगदीश चन्द्र बोस का जन्म स्थान कौन-सा है ?

(अ) ढाका (ब) फ्रांस (स) बंगाल (द) राढ़ीरवाल

उत्तर - (द) राढ़ीरवाल

प्रश्न 4 - सही जोड़ी बनाओ -

| ‘क’ | | ‘ख’ |
|---|---|---|
| 1. ग्रामोफ़ोन | - | प्रेसीडेंसी कॉलेज कलकत्ता |
| 2. मुजीबुर्रहमान | - | विज्ञान का प्रचार-प्रसार |
| 3. जगदीश चन्द्र बोस | - | सोते-जागते |
| 4. बासु विज्ञान मंदिर | - | वाद्य यंत्र |
| 5. पेड़-पौधे | - | प्रधानमंत्री |

उत्तर -

| ‘क’ | | ‘ख’ |
|---|---|---|
| 1. ग्रामोफ़ोन | - | वाद्य यंत्र |
| 2. मुजीबुर्रहमान | - | प्रधानमंत्री |

3. जगदीश चन्द्र बोस - प्रेसीडेंसी कॉलेज कलकत्ता

4. बासु विज्ञान मंदिर - विज्ञान का प्रचार-प्रसार

5. पेड़-पौधे - सोते-जागते

प्रश्न 5 - सूरजमुखी की क्या विशेषता है ?

उत्तर - सूरजमुखी नाम के पौधे के फूल का मुँह सदैव सूरज के सामने होता है ।

प्रश्न 6 - बालक जगदीश को रोने से चुप करने के लिए उनके माता-पिता ने क्या तरकीब निकाली ?

उत्तर - बालक जगदीश को रोने से चुप करने के लिए उनके माता-पिता ग्रामोफोन पर कोई गाना बजा देते थे । गाना सुनते ही बालक बोस चुप हो जाते थे ।

प्रश्न 7 - जगदीश चन्द्र बोस की पेड़ - पौधों में रूचि कैसे हुई ?

उत्तर - जगदीश चन्द्र बोस की पाठशाला में किसानों के बच्चे खेती-बाड़ी और पेड़-पौधों के बारे में अक्सर बातें करते थे । इस कारण बचपन में ही जगदीश चन्द्र की रूचि पेड़-पौधों में हो गई ।

प्रश्न 8 - छुईमुई पौधों की क्या विशेषता है ?

उत्तर - छुईमुई नाम के पौधे की पत्तियाँ हाथ लगाते ही सिकुड़ जाती है और थोड़ी देर के बाद वे पुन: खिल जाती है ।

प्रश्न 9 - जगदीश चन्द्र बोस ने अपनी उच्च शिक्षा कहाँ प्राप्त की ?

उत्तर -जगदीश चन्द्र बोस ने अपनी उच्च शिक्षा इंग्लैंड में प्राप्त की ।

प्रश्न 10 - “जगदीश चन्द्र बोस बड़े स्वाभिमानी थे ।” इस कथन को तुम उनके जीवन के किस प्रसंग से सिद्ध करोगे ।

उत्तर - बोस जी के समय हमारे देश में अंग्रेजों का राज्य था । अंग्रेज भारतीयों पर तरह-तरह के अत्याचार करते थे । बोस जी जिस कॉलेज (प्रेसीडेंसी) में पढ़ाते थे वो अंग्रेजों का था । उन्होनें यहाँ के प्रोफेसरों के

लिए दो नियम बना रखे थे । अंग्रेज प्रोफेसरों को वेतन अधिक दिया जाता था लेकिन भारतीय प्रोफेसरों को कम वेतन मिलता था । जगदीश चन्द्र को यह दोहरा व्यवहार पसंद नहीं आया । उन्होनें इस नियम के विरोध स्वरुप कई वर्षों तक वेतन नहीं लिया लेकिन अपना काम पूरी ईमानदारी से किया । यह प्रसंग बताता है कि "जगदीश चन्द्र बोस बड़े स्वाभिमानी थे ।"

प्रश्न 11 - नीचे लिखे कथनों में से सही कथन के लिए सत्य और गलत कथन के लिए असत्य लिखो -

1. जगदीश चन्द्र बोस की प्रारंभिक शिक्षा हैदराबाद में हुई ।
2. जगदीश चन्द्र बोस का जन्म कोलकाता के पास एक गाँव हुआ था।
3. बचपन से ही जीव-जंतुओं में जगदीश चन्द्र बोस की रूचि थी ।
4. जगदीश चन्द्र बोस एक स्वाभिमानी वैज्ञानिक थे ।
5. फ्रांस के वैज्ञानिकों ने जगदीश चन्द्र बोस को नीचा दिखाने के लिए एक षड़यंत्र रचा ।

उत्तर -1. असत्य 2. असत्य 3. असत्य 4. सत्य 5. सत्य

प्रश्न 12 - डॉ. जगदीश चन्द्र बोस के जीवन की निम्नलिखित घटनाओं को क्रमवार लिखो ।

1. डॉ. जगदीश चन्द्र बोस ने "बासु विज्ञान मंदिर" की स्थापना की ।
2. डॉ. जगदीश चन्द्र बोस को पेरिस में वहाँ के वैज्ञानिकों ने नीचा दिखाने का प्रयास किया ।
3. जगदीश चन्द्र बोस प्रेसीडेंसी कॉलेज में प्रोफेसर बने ।
4. जगदीश चन्द्र बोस की प्राथमिक शाला के आस-पास बहुत से पेड़-पौधे थे ।

उत्तर - 4. जगदीश चन्द्र बोस की प्राथमिक शाला के आस-पास बहुत से पेड़-पौधे थे ।

3. जगदीश चन्द्र बोस प्रेसीडेंसी कॉलेज में प्रोफेसर बने ।

2. डॉ. जगदीश चन्द्र बोस को पेरिस में वहाँ के वैज्ञानिकों ने नीचा दिखाने का प्रयास किया ।

1. डॉ. जगदीश चन्द्र बोस ने "बासु विज्ञान मंदिर" की स्थापना की ।

प्रश्न 13 - किसी पौधे को यदि पानी न दे तो उस पर क्या प्रभाव पड़ेगा ?

उत्तर - किसी पौधे को यदि पानी न दे तो वह मुरझा जायेगा फिर धीरे-धीरे सुखकर मर जायेगा ।

प्रश्न 14 - किसी पौधे को उखाड़ देने पर वह क्यों मुरझा जाता है ?

उत्तर - किसी पौधे को उखाड़ देने पर उसकी जड़ें हिल जाती है और मिट्टी से पानी, खाद्य पदार्थ नहीं ले पाता जिससे पौधे में भोजन व खाने की कमी हो जाती है और वह मुरझा जाता है ।

प्रश्न 15 - बोस जी ने किस प्रकार सिद्ध किया कि पेड़-पौधों में भी जीवन होता है?

उत्तर - बोस जी ने अपना पूरा ध्यान पेड़-पौधों के जीवन के अध्ययन पर लगा दिया । उन्होंने इस कार्य के लिए कई यन्त्र बनाए । इन यंत्रों की सहायता से उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि पेड़-पौधों में भी जीवन होता है ।

प्रश्न 16 - यूरोप के वैज्ञानिक लज्जित क्यों हुए ?

उत्तर - बोस जी के प्रयोगों को सिद्ध करने के लिए उन्हें फ्रांस बुलाया गया और प्रयोगों को सिद्ध करने कहा । उन्होंने कहा कि जहर खाने से आदमी मर जाता है । यदि किसी पौधे पर जहर डाला जाये तो वह भी मुरझा जायेगा । जब उन्हें जहर दिया गया और उन्होंने पौधे पर डाला तो कोई असर नहीं हुआ । उन्होंने वास्तविकता को जानने के लिए स्वयं पी लिया । उन पर भी कोई प्रभाव नहीं पड़ा । यूरोप के कुछ

वैज्ञानिक जहर रखा ही नहीं था । उन्हें नीचा दिखाने के लिए रचे गए षड़यंत्र के कारण यूरोपीय वैज्ञानिक लज्जित हुए ।

प्रश्न 17 - नीचे लिखे चीजों की विशेषता बताने वाले शब्द सोचकर लिखो ।

1. .............. हलवा   2. .............. पेड़

3 ............... नमक   4. .............. चींटी

5. .............. पत्थर   6. .............. कुरता

7............... चश्मा

उत्तर -1. मीठा   2. छायादार   3. नमकीन

4. लाल   5. बड़ा   6. सुन्दर

7. नीला

प्रश्न 18 - निम्नलिखित क्रियाओं से भाववाचक संज्ञाएँ बनाओ ।

लिखना, पढ़ना, खोजना, झुकना

उत्तर -लिखाई, पढ़ाई, खोज, झुकाव

प्रश्न 19 - नीचे लिखे शब्दों को शुद्ध करके लिखो ।

विग्यान, विज्ञानिक, देहाँत, प्रारंभीक, परणाम, सुरजमुखी

उत्तर - विज्ञान, वैज्ञानिक, देहान्त, प्रारंभिक, प्रणाम, सूरजमुखी

प्रश्न 20 - जैसा कि हम बुद्ध को बुद्ध भी लिख सकते हैं । विद्या को हम विद्या भी लिख सकते हैं । इसी तरह इन शब्दों को दूसरे प्रकार से लिखो ।

विरूद्ध, विद्यालय, सिद्धांत, विद्वान, चिह्न

उत्तर - विरूद्ध, विद्यालय, सिद्धांत, विद्वान, चिह्न

प्रश्न 21 - धोखे शब्द में 'बाज' जोड़कर धोखेबाज शब्द बना है । नीचे इसी प्रकार के कुछ शब्दों में दिए गए शब्दांश जोड़कर नए शब्द बनाओ और उनका अपने वाक्यों में प्रयोग करो ।

1. लकड़ी + हारा   2. भारत + ईय   3. प्रारंभ + इक

4. ईमान + दार   5. घूमना + अक्कड़

उत्तर -1. लकड़हारा - मोहन एक लकड़हारा है ।

2. भारतीय - मैं भारतीय हूँ ।

3. ईमानदार - दिशा एक ईमानदार इंस्पेक्टर है ।

4. घुमक्कड़ - रामू तो घुमक्कड़ है ।

प्रश्न 22 - डॉ. जगदीश चन्द्र बोस के अलावा भारत में और भी अनेक वैज्ञानिक हुए हैं । किन्हीं दो के सम्बन्ध में पाँच-पाँच वाक्य लिखो ।

उत्तर -(1) डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम -

1. इनका जन्म 15 अक्टूबर सन् 1931 को रामेश्वरम तमिलनाडु में हुआ ।
2. कलाम जी ने स्वदेशी लक्ष्यभेदी (गाइडेड मिसाइल) को डिजाइन किया था ।
3. सन् 1962 में डॉ. कलाम “भारतीय अनुसंधान संगठन” में शामिल हुए ।
4. अग्नि व पृथ्वी जैसे मिसाइल को सिर्फ स्वदेशी तकनीक से बनाया ।
5. कलाम जी भारत के राष्ट्रपति भी बने और उनकी मृत्यु 27 जुलाई सन् 2015 को हुई ।

(2) शकुंतला देवी -

1. इनका जन्म 4 नवम्बर 1929 को बैंगलोर (बेंगलुरु) भारत में हुआ।
2. इन्हें मानव कंप्यूटर के रूप में जाना जाता है ।
3. ये बचपन से ही अद्भुत प्रतिभा की धनी थी ।
4. इनके 84 वें जन्मदिन पर 4 नवम्बर 2013 को गूगल ने इनके सम्मान में इन्हें गूगल डूडल समर्पित किया ।
5. इनकी मृत्यु 21 अप्रैल 2013 को बैंगलोर (बेंगलुरु) (कर्नाटक) में हुई ।

# पाठ - 24

## इंसाफ

सही विकल्प चुनकर लिखिए -

प्रश्न 1 - अली के द्‌वारा लकड़ियों के साथ लकड़ी की काठी मांगना नियमानुसार है ?

(अ) सही था (ब) गलत था

(स) पता नहीं (द) कुछ सही था कुछ गलत

उत्तर -(ब) गलत था

प्रश्न 2 - अंत में अली को हसन के गधे की हजामत क्यों बनानी पड़ी ?

(अ) स्वयं की मर्जी से (ब) हसन के कहने पर

(स) दरबान के कहने पर (द) खलीफा के कहने पर

उत्तर - (द) खलीफा के कहने पर

प्रश्न 3 - हसन कौन था ?

(अ) बगदाद का एक नाई (ब) बगदाद का एक लकड़हारा

(स) बगदाद का खलीफा (द) बगदाद का सिपाही

उत्तर - (ब) बगदाद का एक लकड़हारा

प्रश्न 4 - 'मुंसिफ' शब्द का अर्थ है ?

(अ) न्यायधीश (ब) नाई (स) लकड़हारा (द) खलीफा

उत्तर - (अ) न्यायधीश

प्रश्न 5 - निम्नलिखित शब्दों-अर्थों की सही जोड़ी बनाओ ?

| शब्द | अर्थ |
|---|---|
| 1. उस्तरा | 1. मजाक उड़ाना |
| 2. बेइंसाफी | 2. बुरा बर्ताव |
| 3. बदसलूक | 3. मजाक करना |
| 4. ठिठोली करना | 4. अन्याय |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | 5. मखौल उड़ाना | 5. नाई का छुरा | |
| उत्तर - | 1. नाई का छुरा | 2. अन्याय | 3. बुरा बर्ताव |
| | 4. मजाक करना | 5. मजाक उड़ाना | |

प्रश्न 6 - अली और हसन में झगड़ा किस बात पर उठा ?

उत्तर - अली हसन से सारी लकड़ियाँ 5 शकाल में खरीद लेता है। हसन गधे पर से सारी लकड़ियाँ उतारकर अली को दे देता है। अली गधे की पीठ पर रखी लकड़ी की काठी को भी उतारने को कहता है। हसन मना करता है। इसी बात पर अली और हसन में झगड़ा हुआ।

प्रश्न 7 - लकड़ी की काठी की बात पर खलीफा ने न्याय करने के बाद क्या कहा?

उत्तर - लकड़ी की काठी की बात पर खलीफा ने न्याय करने के बाद कहा "देखो अली, भला आदमी कभी गरीब को नहीं सताता। आइंदा के लिए मेरी बात गाँठ बाँध लेना।"

प्रश्न 8 - अली ने लकड़ियों के साथ ही काठी भी ले ली। तुम्हारी राय में अली का काम उचित था या अनुचित ? क्यों ?

उत्तर - मेरी राय में अली का काम अनुचित था क्योंकि सौदा सिर्फ लकड़ियों का हुआ था काठी का नहीं।

प्रश्न 9 - जहाँपनाह किसे कहते हैं ?

उत्तर - जहाँपनाह मुसलमान बादशाहों (राजाओं) को संबोधित करने के लिए कहा जाता है। इसका मतलब है जगत का आश्रयदाता।

प्रश्न 10 - शकाल किसे कहते हैं ?

उत्तर - एक सिक्का जो बगदाद में चलता है, जैसे हमारे यहाँ रुपया चलता है।

प्रश्न 11 - नीचे लिखे शब्दों पर एक-एक वाक्य लिखो।

जहाँपनाह, खलीफा, लकड़हारा, धोखेबाज, दुकान, बाज़ार, अल्लाह, खजांची।

उत्तर -जहाँपनाह - जहाँपनाह ! इंसाफ कीजिए ।

खलीफा - खलीफा ने न्याय किया ।

लकड़हारा - लकड़हारा जंगल से लकड़ियाँ काटकर लाता है ।

धोखेबाज - अली धोखेबाज नाई था ।

दुकान - मैं किराना दुकान से पारले-जी बिस्किट लाया ।

बाज़ार - मैं बाज़ार से सब्जी लेकर आ रहा हूँ ।

अल्लाह - अल्लाह ! आपकी हिफाजत (रक्षा) करे ।

खजांची - खलीफा ने दस दीनार देने को खजांची से कहा ।

प्रश्न 12 - आदर सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित वाक्यों को फिर से लिखो ।

(क) जो सौदा हुआ है, उसे तुम भी निभाओ ।

(ख) तुम खुद देख लो ।

(ग) अरे, क्या गधे का बाल कटवाएगा ?

(घ) यह क्या कहता है ?

उत्तर - (क) जो सौदा हुआ है, उसे आप भी निभाइए ।

(ख) आप खुद देख लिजिए ।

(ग) अरे, क्या गधे के बाल कटवाएँगे ?

(घ) ये क्या कहते है ?

प्रश्न 13 - "तुमने गधे पर रखी सारी लकड़ियाँ उतारकर रख दी न ? इस वाक्य को समझो और इसका अर्थ लिखो ?

उत्तर - गधे के ऊपर जितनी भी लकड़ियाँ रखीं थी । उन सभी को तुमने उतारकर रख दिया है न ।

प्रश्न 14 - इन शब्दों के हिंदी में समान अर्थ वाले शब्द लिखो ।

मंजूर, हाजिर, खुद, गरीब, हुजुर, खिलाफ

उत्तर -मंजूर - सहमत होना

| | | |
|---|---|---|
| हाजिर | - | उपस्थित होना |
| खुद | - | स्वयं |
| गरीब | - | निर्धन |
| हुजुर | - | मालिक |
| खिलाफ | - | विरुद्ध |

प्रश्न 15 - इन वाक्यों को उनके सम्मुख दर्शाए वाक्यों में बदलो ।

(अ) उतारो लकड़ी (आदरसूचक वाक्य में )

उत्तर -लकड़ी उतारिए ।

(आ) अब तुम दाम चुकाओ (आदरसूचक वाक्य में )

उत्तर - अब आप दाम चुकाइए ।

(इ) अली दुकान से उतरकर गधे के पास जाता है (भूतकाल में)

उत्तर - अली दुकान से उतरकर गधे के पास गया था ।

(ई) तुमने गधे पर रखी सारी लकड़ियाँ उतारकर रख दी (प्रश्न वाचक में )

उत्तर -क्या तुमने गधे पर रखी सारी लकड़ियाँ उतारकर रख दी ?

प्रश्न 16 - इन शब्दों में से सही शब्द चुनकर लिखो ।

1. लकड़ियाँ/लकड़िया
2. विद्यार्थियों/विद्यार्थीयों
3. दृश्य/द्रश्य
4. ढ़ेर/ढेर
5. द्वार/ व्दार
6. थोडी/थोड़ी
7. पांच/पाँच

उत्तर -

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. लकड़ियाँ | 2. विद्यार्थियों | 3. दृश्य | 4. ढेर |
| 5. द्वार | 6. थोड़ी | 7. पाँच | |

प्रश्न 17 - इस एकांकी का शीर्षक 'इंसाफ' है । इसके अलावा आप इसका क्या शीर्षक दोगे?

उत्तर -खलीफा का न्याय ।

प्रश्न 18 - इस एकांकी को कहानी के रूप में लिखो ।

उत्तर - बगदाद शहर में अपने गधे के साथ एक लकड़हारा हसन रहता था । वहाँ पर एक नाई अली भी रहता था जिसकी हजामत की दुकान थी । एक बार हसन गधे पर सूखी लकड़ियाँ लाद कर बेचने के लिए शहर में आता है । चलते-चलते वह अली के दुकान के सामने से निकलता है । अली उसे रोककर पाँच शकील में सारी लकड़ियों का सौदा कर लेता है । सौदा पक्का हो जाने पर हसन गधे पर से सारी लकड़ियाँ उतारकर रख देता है । अली पूछता है - तुमने सारी लकड़ियाँ उतार दीं । हसन के हाँ कहने पर अली बाहर आकर देखता है । वहाँ उस गधे की पीठ पर काठी दिखाई देती है । वह उसे भी उतारने को कहता है । हसन मना करता है तो अली कहता है कि यह भी लकड़ी का बना है इसका भी तुमने सौदा कर दिया है इसलिए इसे भी उतारो । (हसन के विरोध करने पर अली उसे लकड़ी मारकर भगा देता है ।

हसन न्याय के लिए खलीफा के पास जाता है । खलीफा पूरी बात सुनते हैं और कहते हैं कि यह सच है कि तुम्हारे साथ नाइंसाफी हुई है लेकिन अली भी गलत नहीं है । काठी (जीन) तो लकड़ी की ही बनी हुई थी । खलीफा हसन के कान में कुछ कहता है । हसन वहाँ से चला जाता है ।

कुछ महीनों बाद हसन अपने गधे के साथ अली की दुकान के सामने से गुजरता है । दुकान के सामने रूक कर वह उस दिन के लिए अली से माफ़ी मांगता है और हजामत बनाने के लिए कहता है ।

अली कहता है कि “हजामत बनाना तो मेरा काम है ।” हसन अपने साथी की भी हजामत बनाने के लिए कहता है । दोनों की हजामत बनाने के लिए अली एक शकाल पर दोनों हजामत बनाने को तैयार हो जाता है । हसन अपनी हजामत बनवाने के बाद अपने साथी को लेकर आता है । उसे देखकर अली आग बबूला हो जाता है । गधे की भी हजामत कहीं बनाई जाती है । हसन को वो बुरा - भला कहता है ।

हसन इंसाफ के लिए खलीफा के पास आता है । पूरी बात सुनकर खलीफा अली को औजार सहित दरबार में उपस्थित होने का फरमान (आदेश) जारी करता है । अली औजारों को लेकर दरबार में आता है खलीफा से कहता है कि “कहीं गधे की भी हजामत बनाई जाती है ।” खलीफा कहते हैं कि सूखी लकड़ियों के साथ यदि काठी भी उतरवाई जा सकती है तो गधे की हजामत भी बनाई जा सकती है । अली मन मारकर गधे के शरीर पर साबुन पानी लगाता है और हजामत बनाता है और खलीफा को बताता है कि उसने हजामत बना दी । खलीफा उससे कहता हैं कि अली, भला आदमी गरीब को सताता नहीं है । इस बात को हमेशा याद रखना ।

खजांची से कहकर खलीफा हसन को दस अशर्फियाँ दिलवाता है । हसन हँसी-खुशी अपने घर चला जाता है ।


# बढ़ते कदम
# आकलन से शैक्षिक गुणवत्ता की ओर...

**समरूपता, वैधता, विश्वसनीयता**









राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् छत्तीसगढ़